




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच









वर्ष- 16 अंक - 124 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 16 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# नगरीय निकाय चुनाव : लोगों ने खुलकर दिया भाजपा को वोट, वोट शेयरिंग में दिखा भारी अंतर

## महापौर व अध्यक्ष के लिए भाजपा को 56 फीसदी वोट, पार्षद प्रत्याशियों के लिए 46 फीसदी वोट शेयरिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित हुए। भारतीय जनता पार्टी ने निकाय चुनाव में विधानसभा व लोकसभा की सफलता को दोहराया है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के निकायों में भाजपा को बंपर बहुमत मिला है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाजपा को खुलकर वोट दिया है। वोट शेयरिंग की ओर नजर डाले तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस का जनाधार कितना कम हुआ है। महापौर व अध्यक्ष निर्वाचन में कांग्रेस की वोट शेयरिंग भाजपा के मुकाबले 25 फीसदी कम रही। वहीं पार्षदों के निर्वाचन में भाजपा व कांग्रेस के बीच 13 फीसदी का अंतर है।




राज्य के कुल 10 निगम, 49 नगरपालिका और 113 नगर पंचायतों पर 11 फरवरी को चुनाव हुए थे जिसके नतीजे शनिवार को घोषित किए गए। प्रदेश के सभी 10 नगर निगमों में भाजपा की दबदबा रही है। सभी नगर निगमों में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। नगर निगम में कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने खाता नहीं पाए। इसी प्रकार 49 नगर पालिका में भाजपा ने 35 नगर पालिकाओं में जीत हासिल की है। वहीं आठ नगर पालिकाओं में कांग्रेस ने बाजी मारी है। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी खाता खोला है। आप को एक सीट में जीत मिली है। 5 नगर पालिकाओं में निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी है। 114 नगर पंचायत सीटों में भाजपा ने 81 पर जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस को सिर्फ22 सीटों में जीत हासिल की है। वहीं प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी अपना खाता खोलते हुए एक सीट हासिल की है। साथ ही 10 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना परचम लहराया है। कुल मिलाकर नगरीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर जनता ने खुलकर प्यार बरसाया है।

### महापौर-अध्यक्ष : भाजपा को मिले 56.04 फीसदी मत

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आकंडों के अनुसार नगर निगमों के महापौर व नगर पालिका के अध्यक्ष निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी का वोट शेयर 56.04 फीसदी रहा। भाजपा के मुकाबले कांग्रेस का वोट शेयर 31.25 रहा। यानी दोनों दलों के बीच 24.79 फीसदी का फर्क रहा। भाजपा कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी का वोट शेयर 0.99 फीसदी रहा। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी 1.1 फीसदी रहा। निर्दलियों ने 7.73 फीसदी व नोटा ने 1.96 फीसदी वोट शेयर किया।

### रायपुर में मीनल चौबे ने रचा इतिहास

10 नगर निगमों में आए परिणाम में सबसे बड़ी जीत रायपुर से मीनल चौबे की रही। वहीं सबसे छोटी जीत चिरमिरी से रामनरेश राय की हुई है। मीनल चौबे ने 1 लाख 53 हजार 290 मतों से कांग्रेस की दीप्ति दुबे को हराया है,जबकि रामनरेश राय ने डॉ. विनय जायसवाल को 5692 वोटों से मात दी है। इसके अलावा दुर्ग में अलका वाघमारे ने कांग्रेस की प्रेमलता साहू को 67295 मतों से, बिलासपुर में पूजा विधानी ने कांग्रेस के प्रमोद नायक को 66047 मतों से, अंबिकापुर में मंजूषा भगत ने कांग्रेस के अजय तिर्की को 11063 मतों से, रायगढ़ में जीवर्धन चौहान ने कांग्रेस की जानकारी काटजू को 34365 मतों से, कोरबा में संजू देवी ने कांग्रेस की उषा तिवारी को 48116 मतों से, राजनांदगांव में मधुसूधन यादव ने कांग्रेस के निखिल द्विवेदी को 41138 मतों से, जगदलपुर में संजय पाण्डेय ने कांग्रेस के मलकीत सिंह गैंदू को 8772 मतों से तथा धमतरी में भाजपा के जगदीश रामू रोहरा ने 38665 मतों से जीत दर्ज की।

### पार्षद निर्वाचन में भाजपा को 46.62 फीसदी मत

इसी प्रकार पार्षदों के निर्वाचन में भी लोगों ने भाजपा को जमकर सपोर्ट किया है। वार्डवार पूरे प्रदेश में पार्षद निर्वाचन में भाजपा को वोट शेयर 46.62 फीसदी रहा। वहीं कांग्रेस का वोट शेयर 33.58 रहा। इस तरह भाजपा व कांग्रेस के बीच वोट शेयरिंग में अंतर 13.04 फीसदी रहा। पार्षद निर्वाचन में निर्दलिय प्रत्याशियों का वोट शेयरिंग भी शानदार रहा है। निर्दलियों ने 16.25 फीसदी वोट शेयर किए। वहीं नोटा को 1.23 फीसदी वोट मिले। पार्षद चुनाव में अन्य दलों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा।

## चुनाव में कांग्रेस की हार के पांच बड़े कारण, भाजपा की थी पूरी तैयारी... बयानबाजी में उलझी रही कांग्रेस

### हर जिले में लोकार्पण कार्यक्रम

रायपुर से लेकर बस्तर और सरगुजा तक हर जिले में लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, पानी की टंकी, स्कूल-हेल्थ सेंटर के लिए बिल्डिंग जैसे प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और भूमि पूजन किया गया। भाजपा जनता के बीच जाकर यह बताने में सफल रही कि कांग्रेस राज में कोई काम नहीं हुआ। भाजपा राज में शहरों का विकास होगा। इसका असर मतदाताओं पर पड़ा।

### कन्फ्यूजन में कांग्रेसी नेता

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता कन्फ्यूजन में रहे। कभी दिसंबर, कभी जनवरी तो कभी फरवरी में चुनाव होने की बातें सामने आती रहीं। इस दौरान कांग्रेस बयानबाजी में उलझी रही और भाजपा ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी। अचानक चुनावी कार्यक्रम की घोषणा के बाद कांग्रेस के पास प्रत्याशी चयन करने का समय नहीं था। ऐसे लोगों को चुनाव में टिकट बांटे जो लड़ने की स्थिति में नहीं थे।

### घोषणाओं का वोटर्स पर असर

कांग्रेस से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र लेकर आई। जिलों की लोकल समस्याओं के हिसाब से भी अलग घोषणा पत्र जारी किया गया। इसमें महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी होने पर टैक्स में छूट देने, पट्टा मालिकों को जमीन का मालिक बनाने जैसी बातों का शहरी और ग्रामीण इलाकों में असर दिखा। भाजपा विधानसभा चुनाव के बाद दोबारा से महतारी वंदन योजना को भुनाती दिखी। कांग्रेस ने आरोप पत्र लाया लेकिन साध नहीं सकी।

### प्रचार में भी पिछड़े कांग्रेसी

भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले कांग्रेस प्रचार में पिछड़ गई। निकायों में भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के लिए नामांकन रैली निकाली। ऐसा कोई आयोजन कांग्रेस पार्टी की ओर से नहीं हुआ। कांग्रेस महापौर पद की प्रत्याशी दीप्ति दुबे स्कूटी पर नामांकन दाखिल करने गईं। सादगी के लिहाज से ये चर्चा में जरूर रहा, लेकिन माहौल भाजपा के पक्ष में रहा। सभी निकायों में सीएम विष्णुदेव साय के रोड शो का भी असर हुआ।

### एंटी इनकंबेंसी एक फैक्टर

विधानसभा व लोकसभा चुनाव की तरह नगरीय निकायो में भी कांग्रेस के लिए एंटी इनकंबेंसी एक बड़ा फैक्टर साबित हुआ। कांग्रेसी नेता बजाए विकास की बात करने के हमेशा सरकार की कमिया गिनाते रहे। साथ ही टिकट वितरण से नाराज बागियों ने कांग्रेस का काम बिगाड़ा। एंटी इनकंबेंसी के चलते इस बार बीजेपी को मतदाताओं ने सपोर्ट दिया। कांग्रेस के लिए उनके ही नेता हार का बड़ा कारण बन गए।

## खास-खबर



### सड़क किनारे दिखा भालू का जोड़ा, कांग्रेस नेता ने कैमरे किया कैदज वन विभाग की दी गई सूचना

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सड़क किनारे भालू का जोड़ा देखा गया। बालोद से लेकर घोटिया जाने वाले मार्ग में भालू के जोड़े को देखा गया है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने इसे अपने कमरे में कैद किया है। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को भी दी गई है। वन विभाग ने गांवों में मुनादी कराने की बात कही है। वहीं लोगों को भी सावधान रहने कहा गया है।

जिस जगह पर भालू देखा गया वह बालू थाना क्षेत्र में पड़ता है। कांग्रेस नेता विकास चोपड़ा ने बताया कि वह मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। तब रास्ते में सड़क किनारे भालू का जोड़ा उन्हें देखने को मिला। भालू का यह जोड़ा रानी माई मंदिर से कुछ दूरी पर पहले सड़क किनारे ही खड़ा हुआ था। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया में यह वीडियो शेयर कर दो पहिया वाहन चालकों को रात के समय गुजरने से बचने की सलाह दी है। वन विभाग का कहना है कि पानी की तलाश में भालू आबादी वाले क्षेत्र में आते हैं। लोगों को सावधानी बरतनी है। वन विभाग ने कहा है कि जहां भालू देखा गया वहां आसपास मुनादी भी कराएंगे।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः कलेक्टर ने 276 कर्मचारियों को दिया नोटिस जारी, 24 घंटे में मांगा जवाब

**भाटापारा।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने के बाद 24 घंटे के अंदर जवाब देना होगा।

मिली जानकारी के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाई गई। कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13-14 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था।विकासखंड बलौदाबाजार में 15, भाटापारा में 29, सिमगा में 106, कसडोल में 56, विकासखंड पलारी में 70 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील और अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतना छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम - छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 नियम 17(2)(3) के अनुसार कार्यवाही योग्य है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

### दिन में गर्मी और रात में ठंड 2-3 डिग्री चढ़ेगा पाराः दुर्ग सबसे गर्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दिन में तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ रही है, जबकि रात में हल्की ठंड बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। 34.4 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ दुर्ग सबसे गर्म रहा। 7.7 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा।

रायपुर समेत पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क है। हवा की दिशा बदलने से मौसम में थोड़ा बदलाव आया है। पिछले 24 घंटे में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई और दक्षिण छत्तीसगढ़ में 2-3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ : महाकुंभ जा रहे 18 यात्रियों की मौत, रेलवे ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

**नईदिल्ली ए.।** प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। हादसा शनिवार रात करीब दस बजे के आसपास की है। हादसे में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की छुट्टी के चलते महाकुंभ में जाने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई थी। बताया जा रहा है कि जब प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस खड़ी थी, उस दौरान प्लेटफॉर्म पर काफी लोग इकट्ठा थे। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी भी लेट थीं। इसकी वजह से इन ट्रेनों के यात्री भी प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13 और 14 पर पहुंच गए थे। लोगों की भीड़ पहुंचने से स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। प्लेटफॉर्म नंबर-14 और प्लेटफॉर्म नंबर 16 के पास एस्केलेटर के पास भगदड़ मच गई और भीड़ एक-दूसरे पर चढ़ने लगी। मृतकों में 11 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। दो की मौत लेडी हार्डिंग अस्पताल में हुई। एनडीआरएफ की टीम भी राहत के लिए स्टेशन पहुंच गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि पूरी टीम प्रभावितों की मदद में जुटी है।

प्रयागराज की ज्यादातर ट्रेनें यहीं से जा रही हैं। प्लेटफॉर्म भीड़ संभाल नहीं पाया और भगदड़ मच गई। भीड़ एस्क्लेटर और स्टेशन के दरवाजों की ओर भागी। इससे ओवरब्रिज व सीढ़ियों पर भीड़ बढ़ गई।

### पीएम मोदी ने जताई संवेदना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अधिकारी उन लोगों की सहायता कर रहे हैं जो भगदड़ से प्रभावित हुए हैं। हादसे के मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख, गंभीर घायलों को ढाई-ढाई व अन्य को एक-एक लाख दिए जाएंगे।

## महासमुंद-रायपुर हाइवे पर ट्रेलर ने जिप्सम भरे ट्रक को ठोका, लगी आग और जिंदा जल गया ड्राइवर

■ केबिन में फंसा रह गया चालक, पंजाब का था रहने वाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आरंग में रविवार सुबह 4 बजे कोयले से भरे ट्रेलर ने जिप्सम से भरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में भीषण आग गई। कोयला लोडेड ट्रेलर का ड्राइवर आग की चपेट में आ गया। उसे बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। वह केबिन में फंसा रहा गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।



मामला आरंग थाना क्षेत्र का है। पारागांव के पास नेशनल हाईवे 53 में यह घटना हुई। सूचना मिलते ही आरंग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। मृतक पंजाब का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक जिप्सम से भरे ट्रक का टायर फटने से ड्राइवर और खलासी दोनों नीचे उतरे थे, तभी पीछे से कोयले से भरे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। मृतक ड्राइवर की पहचान निशान सिंह (26) तरणतारण जिला पंजाब के रूप में हुई है।

सीएसपी लंबोदर पटेल ने बताया महासमुंद से रायपुर की ओर एक ट्रक आ रही थी जिसके अंदर जिप्सम भरा हुआ था। सामने का पहिया पंचर होने के गाड़ी खड़ी थी और गाड़ी के आसपास पत्ते लगाए जा रहे थे ताकि कोई हादसा ना हो। तभी 5 मिनट बाद पीछे से बड़ा ट्रेलर आया जिसके अंदर कोयला भरा हुआ था। ट्रेलर तेजी से खड़ी ट्रक में टकराया, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर का केबिन गाड़ी से चिपक गया और गाड़ी में आग लग गई। जोरदार टक्कर के कारण ड्राइवर केबिन में भी फंसा रह गया। आग लगने के कारण ड्राइवर की जलकर मौत हो गई। बाद में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम हाईवे पेट्रोलिंग और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया।

## रायगढ़ चुनाव में फिर रचा गया इतिहास

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ ने एक बार फिर इतिहास लिखा है। पहली बार किसी किन्नर को महापौर चुनकर सुर्खियों में आने वाले रायगढ़ ने अब एक चायवाले को महापौर की कुर्सी पर बैठाया है। बिलासपुर राजस्व संभाग में रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पूर्वी भाग में स्थित है। यह उत्तर में सरगुजा और जशपुर जिलों, पूर्व में उड़ीसा, दक्षिण में महासमुंद जिले और पश्चिम में कोरबा और जांजगीर-चांपा जिलों से घिरा हुआ है। भौगोलिक दृष्टि से, यह जिला उत्तर में पंड्रापट और खुरिया के ऊंचे जंगल से ढके पठार से लेकर दक्षिण में रायगढ़ और सारंगढ़ के वृक्षविहीन, धूल भरे मैदानों तक फैला हुआ है। रायगढ़ 'ढोकरा कास्टिंग' या 'बेल मेटल कास्टिंग' और दो प्रकार के रेशम अर्थात् तसर सिल्क और शहतूत सिल्क के लिए जाना जाता है। औद्योगिक इकाइयों की बात करें तो यहां जिंदल का स्पंज आयरन प्लांट भी है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इस बार यहां से अपने निष्ठावान कार्यकर्ता जीवर्धन सिंह चौहान को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया था। जीवर्धन ने करीब 34 हजार मतों के बड़े अंतर से कांग्रेस के प्रत्याशी जानकी काटजू को चुनाव में हराया है। सातवीं तक शिक्षित जीवर्धन चाय और पान की दुकान चलाते हैं। महापौर प्रत्याशी के रूप में नाम की घोषणा के साथ ही जीवर्धन की तुलना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने लगी थी। जब एक चायवाला देश का प्रधानमंत्री बन सकता है तो महापौर क्यों नहीं? प्रचार के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री जीवर्धन से मिलने उनकी चाय की दुकान पर ही जाते थे। मंत्रियों ने वहां चाय बनाई भी और लोगों को पिलाई भी। इस सबसे परे आते हैं जीवर्धन पर। सीधे सादे सरल प्रकृति के जीवर्धन पार्टी के एक समर्पित कर्मठ कार्यकर्ता भी हैं। 29 वर्षों से वो पार्टी की सेवा कर रहे हैं। 1996 में पार्टी से जुड़ने बाद वे वार्ड अध्यक्ष, भाजयुमो नगर मंत्री, भाजयुमो नगर इकाई उपाध्यक्ष बने और फिर नगर मंत्री बने। 2011 में उन्हें नगर अध्यक्ष बना दिया गया। 2019 से 2024 तक हुए चुनावों में वे शक्ति केन्द्र समन्वयक भी रहे पर कभी चाय की दुकान नहीं छोड़ी। जीवर्धन राजनीति में आने वाले युवाओं को भी राह दिखाते हैं। राजनीति में प्रवेश करने के बाद भी न तो उन्होंने अपनी सरलता छोड़ी और न ही अपना काम। लगभग तीन दशक की उनकी तपस्या अब जाकर रंग लाई है। महापौर प्रत्याशी घोषित होने के बाद भी वे अपनी चाय की दुकान पर ही मिलते। लोग यहीं आकर उनसे मिलते। उनकी इस सरलता और कर्मठता का लाभ पार्टी को भी मिला। रायगढ़ शहर परिवर्तन लाने का भी साहस रखता है। इससे पहले रायगढ़ के मतदाताओं ने 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में तृतीय लिंग समुदाय की मधु बाई को महापौर की कुर्सी पर बैठाया था। वे निर्दलीय प्रत्याशी थीं। जहां जनता जागरूक होगी वहां प्रत्याशी चयन अपने आप महत्वपूर्ण हो जाता है। भाजपा ने यही किया।




## संपादकीय

# हार के बाद हार से कांग्रेस में चली बदलाव की बयार

चुनाव में जीत पर राजनीतिक दल में खुशी होती है,क्योंकि जीतना ही काफी होता है। क्यों जीते,कैसे जीते इस पर जीतने वाले को विचार करने की जरूरत नहीं होती है। चुनाव में हार से निराशा होती है, इसलिए क्यों हारे, कैसे हार गए इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत होती है।अपनी कमी-खामी को जानने की जरूरत होती है, उसे दूर करने की जरूरत होती है। सबसे ज्यादा जरूरी होता है पार्टी के संगठन को मजबूत करना। माना तो यही जाता है कि संगठन कमजोर होने के कारण भी पार्टी की हार होती है। किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव में जीत के लिए माना जाता है संगठन बूथ स्तर पर मजबूत होना चाहिए। संगठन बूथ स्तर पर मजबूत नहीं है तो पार्टी की जीत की संभावना कम होती है, हार की आशंका ज्यादा होती है।

> **कोई दल निरंतर एक के बाद एक चुनाव हारता जाता है तो एक दिन उसको मानना पड़ता है कि हमारी हार के लिए हम भी दोषी हैं। हम हार रहे हैं तो कमी व खामी हमारी पार्टी में है, हमारे नेताओं में हैं। ऐसे में यही एक चारा रह जाता है कि पार्टी के संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जाए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, वह पिछले कई चुनाव एक के बाद एक हारती आ रही है। ऊपरी तौर पर तो दिखाने की कोशिश की जाती है कि हम हारे नहीं है, हमको चुनाव आयोग के कारण हार का सामना करना पड़ा है, ईवीएम में की गई गड़बड़ी के कारण हम हारे हैं।**

निष्पक्ष चुनाव नहीं हुए हैं, इसलिए हम हारे हैं। कुल मिलाकर चुनाव हारने के बाद कांग्रेस की तरफ से जो बयान आता है वह अपने नेतृत्व को हार की जिम्मेदारी से बचाने वाला होता है, यानी कांग्रेस चुनाव हारी है तो अपने नेतत्व के कारण नहीं हारी है। कांग्रेस की परंपरा रही है कि जीत का श्रेय तो कांग्रेस नेतृत्व तो दिया जाता है लेकिन हार के लिए उसे दोषी नहीं माना जाता है, हार के लिए राज्य के नेता दोषी होते हैं।

ओड़िशा, छत्तीसगढ़, मप्र, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में कांग्रेस की हार के लिए वहां के नेताओं को दोषी माना जा रहा है। इसलिए लंबे समय के बाद अब राज्य कांग्रेस संगठन में बदलाव की बयार बहने लगी है। महाराष्ट्र में हर्षवर्धन सपकाल को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार पर प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस्तीफा दे दिया था। इसी तरह ओडिशा में भक्त चरण दास को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। वैसे तो कांग्रेस संगठन को चुस्तदुरुस्त करने का विचार लंबे समय से किया जा रहा था लेकिन दिल्ली चुनाव में हार के बाद जरूरी हो गया है, इसलिए अब संगठन में बदलाव शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों में कांग्रेस में अंदरखाने बैठकें चल रही हैं। बैठकों में मथन किया जा रहा है कि किसे केंद्र की राजनीति में लाना चाहिए और राज्य में जिम्मेदारी किसे दी जानी चाहिए।

माना जा रहा है कि कांग्रेस की स्थिति हिंदी बेल्ट के राज्यों व पूर्वोत्तर के राज्यों में सबसे ज्यादा खराब है। सबसे ज्यादा बदलाव इन्ही राज्यों में किए जाने की संभावना है। जिन राज्यों में कांग्रेस हारी है, वहां के प्रदेश अध्यक्ष को बदलने व बड़े नेताओं को केंद्र में लाने का विचार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस लोकसभा, विधानसभा, उपचुनाव हार चुकी है। इसलिए माना जा रहा है कि बदलाव की बयार तो यहां भी बह सकती है। यहां के भूपेश बघेल को हटाकर दिल्ली में कोई पद दिया जा सकता है। माना जाता है कि इसका फैसला नगरीय व पंचायत चुनाव के बाद किया जाएगा। कुछ दिनो में इसका रिजल्ट आ जाएगा, अगर कांग्रेस का प्रदर्शन बुरा रहता है तो भूपेश बघेल को यहां हटाकर दिल्ली महासचिव बना कर भेजा जा सकता है।

कांग्रेस में जो सत्ता में रहकर सत्ता में वापसी नहीं कर पाता है, उनको संगठन में काम करने भेजा जाता है। जो संगठन में अच्छा काम करता है, उसे सत्ता हासिल करने का मौका दिया जाता है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा था कि अगला विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व मे लड़ा जाएगा तो उन्होंने यूं ही नहीं कह दिया था, वह जानते हैं कि देरसबेर भूपेश बघेल को राज्य से हटाया जाएगा। उनके विकल्प टीएस सिंहदेव माने जाते है, इसलिए उन्होंने टीएस सिंहदेव का नाम लिया था। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करने के लिए टीएस सिंहदेव का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जा सकता है और उनको जो काम भूपेश बघेल नहीं कर सके, वहीं काम उनको सौंपा जा सकता है यानी कांग्रेस को दोबारा छत्तीसगढ़ जिताना। 2018 के विधानसभा चुनाव में टीएस सिंहदेव की भूमिका कांग्रेस को जिताने में अहम थी, इसलिए उनको कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में जिताने का काम सौंपे जाने की संभावना है।




# मुफ्त की रेवड़ियां : परजीवियों का तैयार होता एक वर्ग

प्रमोद भार्गव

**जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जीवाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे ? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं है।**



अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनाओं को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपए तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रहे हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़ चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याषी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने इन चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपाहरों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम् भूमिका रही है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अष्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभाव वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। राजनेताओं की दानवीर कर्ण की यह भूमिका स्वतंत्र और निश्पक्ष चुनाव की जड़ों में मट्ठा घोलने का काम कर रही है। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्ष चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। वैसे भी इन वादों की हकीकत जमीन पर उतरी होती तो पंजाब में 7000 किसानों ने आत्महत्या न की होती? क्योंकि पंजाब में किसान कल्याण के सबसे ज्यादा वादे अकाली दल ने सरकार में रहते हुए किए थे। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने की राह पर चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चैपट हो गई। 2025 के विधानसभा चुनाव में आर्थिक स्थिति की बद्हाली और भ्रष्टाचार अरविंद केजरीवाल की हार के प्रमुख कारण बने।

देष में मध्यप्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने निर्धन परिवारों को मुफ्त में एक बत्ती कनेक्शन देने के वादे के साथ यह शुरूआत आठवें दषक में की थी। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोशणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गयी थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। चुनाव का नियमन जनप्रतिनिधित्व कानून के जरिए होता है और उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत इसे गैरकानूनी या भ्रष्ट कदाचरण ठहराया जा सके। न्यायालय ने लाचारगी प्रगट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरुर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके।

इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुषासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोषणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। यहां तक कि अल्पसंख्यक मुस्लिम और सवर्ण ब्राह्मणों तक को आरक्षण देने का वादे किए जाते रहे हैं। तिस पर भी विडंवना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाशित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाएं तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की ? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं।

इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है। इसलिए वह मुफ्त की घोषणा पर टिप्पणी कर शांत रह जाती है। दरअसल ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श कर कानून बनाने का अधिकार विधायिका को ही है। यहां विडंबना है कि विधायिका और दल अंततः एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोषणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है। फिर चाहे वह छात्रवृत्ति हो, लैपटॉप हो, साइकिल हो अथवा टीवी ? मुफ्त बिजली हो, लाडली बहनों को नगद धनराशि हों या सस्ता राशन, इसमें कोई जातीय या वर्गीय भेद नहीं किया जाता। बीपीएल की सूची में आने वाले सभी जरूरतमंद के हकदार होते हैं। ऐसी स्थिति में मुफ्त उपहारों को विभाजित करना एक जटिल प्रक्रिया है। हां, जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है ? 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले गुलछर्रे उड़ा रहे लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। ऐसे में इन्हें एकाएक घूस या लालच नहीं कहा जा सकता ? अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# दिल्ली विधानसभा चुनावः मुस्लिम मत भाजपा की ओर

अवधेश कुमार

**भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया।**

क्या वाकई ऐसा हुआ है? इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरु द्ध मतदान करते हैं।

इस धारणा को तोडने के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के खिलाफ आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदशर्न कर रहा था, जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है? भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेन्द्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है।

दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया।

यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली मेहंदी को केवल 11 हजार 763। ताहिर हुसैन ने जब कहा कि आपकी लड़ाई हमने लड़ी और आपके कारण जेल में हैं तो मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की सहानुभूति मिली। ताहिर हुसैन को इतना वोट नहीं मिलता तो बिष्ट नहीं जीत पाते। आप सोचिए, कांग्रेस के उम्मीदवार को इतना कम मत मिला। जंगपुरा में तरविंदर सिंह मारवाह किसी तरह 675 मतों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा पाए। मुस्लिम मतदाताओं ने तरविंदर के पक्ष में मतदान किया होता तो जीत का अंतर ज्यादा होता। उनकी और पारिवार कि पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। इस कारण मुस्लिम वोट उनको मिलता रहा है। इस बार आंकड़े ऐसा नहीं बताते। कांग्रेस के मुस्लिम मत काटने का उनको लाभ मिला।

ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो साफ दिखाई देगा कि 2020 के दंगों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका देखने के बाद गैर मुसलमानों के बीच थोड़ी एकजुटता हुई। दूसरे, पिछले लोक सभा चुनाव एवं महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक, मजहबी मुस्लिम नेताओं, शीर्ष मुस्लिम व्यक्तियों के द्वारा वोट को इस्लाम और दीन का विषय बनाने तथा भाजपा के विरुद्ध मतदान करने के फतवे आदि के कारण एकजुटता का सुदृढ़ीकरण हुआ है। केजरीवाल इसे भांपते हुए ही हिन्दुत्व पर मुखर हुए तथा पुजारियों और ग्रंथियों तक को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाया तथा भाजपा की ही तरह भारत को विश्व गुरु एवं महाशक्ति बनाने के लिए भाजपा को हराने का हवन कर दिया। इस कारण हिन्दुत्व के मुद्दे पर वैसी क्षति नहीं हुई जैसी इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को हो रही है। दिल्ली में सबसे बड़ी दो जीत आप को मिली और वह मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र में ही। आप प्रत्याशी आले मुहम्मद इकबाल को मटियामहल से 42 हजार 724 वोट के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल हुई। सीलमपुर से आप के चौधरी जुबैर अहमद 42 हजार 477 मतों से जीते जो दूसरी बड़ी जीत है।

इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटो का रु ख क्या रहा? मटियामहल से आले मुहम्मद ने भाजपा की दीप्ति इंदौर को हराया। आले को 58 हजार 120 और दिप्ती को केवल 15 हजार 396 मत मिला। यहां कांग्रेस के असीम अहमद को केवल 10 हजार 295 मत मिला। सीलमपुर में चौधरी जुबैर को 79 हजार 09 और भाजपा के अनिल शर्मा को 36 हजार 532 मत मिले और कांग्रेस के अब्दुल रहमान 16 हजार 551 तक सिमट गए। चांदनी चौक के 10 विधानसभा सीटों में चार मुस्लिम बहुल हैं। चारों में एक भी भाजपा नहीं जीत सकी। बल्लीमारान में भाजपा के पाषर्द कमल बागड़ी को केवल 27 हजार 181 और दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरे और जाने-माने नेता हारून यूसुफ भी 13 हजार 569 मत पा सके जबकि आप के इमरान हुसैन को 57 हजार 04 मत मिला। सदर बाजार में आप के सोमदत्त को 56 हजार 177 वोट मिला और उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार जिंदल को 6307 वोट से हराया। यह भी मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र है, लेकिन यहां हिन्दुओं और गैर मुसलमानों की भी बड़ी आबादी है। इस कारण मनोज जिंदल ने 49 हजार 870 मत पाया और कांग्रेस के अनिल भारद्वाज को 10 हजार 057 ही मिला।

इस तरह मतों के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो कहीं नहीं दिखेगा कि मुस्लिम मत भाजपा की ओर गया। भाजपा के सदस्य तथा एक दो प्रतिशत कहीं मतदान कर दें तो अलग बात है, अन्यथा मुस्लिम मतों की प्रवृत्ति भाजपा को हराने की ही रही। दरअसल, अलग-अलग मुस्लिम संगठनों, इमामों , मौलवियों, मुल्लाओं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों, एक्टिविस्टों आदि प्रमुख चेहरों ने हिन्दुत्व विचारधारा के साथ भाजपा की इस्लाम विरोधी, दीन विरोधी छवि बना दिया है। इस कारण उनका वोट मिलना तत्काल मुश्किल है। भविष्य के बारे में फिलहाल कुछ कहना कठिन है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का समापन करते हुए राज्य सभा में अपनी सरकार द्वारा किए गए कायरे की फेहरिस्त पुरानी तर्ज पर एक बार फिर प्रस्तुत की गई कि किस तरह उनकी आर्थिक नीति आगे बढ़ रही है और किस तरह उनकी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबों की सीमा लांघकर मध्यवर्गीय दहलीज पर पहुंचे हैं।**

उनके भाषण का एक प्रमुख स्वर वही था जो प्रायः सुनाई पड़ता है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने फिर कहा कि उनकी प्राथमिकता परिवार है जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्र है। कांग्रेस की कोई भी नीतियां परिवार विशेष को केंद्र में रखकर बनती हैं तो उनकी नीतियां राष्ट्र को केंद्र में रखकर बनती है।

मोदी के अनुसार कांग्रेस का राज अत्यधिक धीमी आर्थिक प्रगति का राज था, जबकि एनडीए का वर्तमान शासन तीव्र आर्थिक प्रगति का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शासन तुष्टिकरण का शासन था जबकि एनडीए का शासन संतुष्टीकरण का है। यूं तो मोदी के भाषण में कुछ भी नया नहीं था। कांग्रेस के परिवारवाद का जो आरोप लगाते रहे हैं, उसकी ही पुनर्पुष्टि थी। विशेष बात यह थी कि उनके प्रभावी वक्तव्य के आगे कांग्रेस की निरीहता ही उजागर हो रही थी।

अगर कांग्रेस का गांधी परिवार की पृष्ठभूमि और उसके गौरवशाली अतीत का मूल्यांकन करें तो मोदी का प्रहार कहीं से भी अतिवादी प्रतीत नहीं होता है। कल्पना करिए कि अगर सोनिया गांधी राजीव गांधी की पत्नी और इंदिरा गांधी की बहू नहीं होती तो क्या सचमुच में उनमें वह राजनीतिक क्षमता और भारतीय समाज को समझने की प्रतिभा थी कि वह कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी की अध्यक्ष बनती।

उससे आगे क्या राहुल गांधी सचमुच उतने क्षमतावान राजनीतिज्ञ हैं, जितना कांग्रेस के शीर्ष नेता के रूप में अथवा विपक्षी दल के रूप में होना चाहिए। जाहिर है उनकी हैसियत परिवार प्रदत्त हैसियत है जो प्रायः कांग्रेस को दुविधा में डालती रहती है। मोदी के प्रहारों से कांग्रेस तभी बच सकती है जब वह अपने भीतर गुणात्मक और रचनात्मक परिवर्तन करे अन्यथा परिवारवाद का जो हथियार मोदी के हाथ में है वह हमेशा चलता रहेगा और कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी।

( आरएनएस )














प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110



श्रीकंचनपथ
भिलाई-दुर्ग

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएें
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



## खास खबर

### भिलाई में जुटेंगे देश भर से आए विद्वान ज्योतिष

**भिलाई।** ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान भिलाई दुर्ग द्वारा कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में सुबह 10 बजे से आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के शुभारम्भ सत्र के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल होंगे,कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्वान ज्योतिषाचार्य मंथा सूर्यनारायण राव हैदराबाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक रिकेश सेन, सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर, शिक्षाविद आई पी मिश्रा,ज्योतिषाचार्य महेश खजांची मध्यप्रदेश, रमेश व्यास राजस्थान, तेजसकर पांडेय उत्तर प्रदेश, प्रिया शरण त्रिपाठी, अनंतधर शर्मा, नागेश्वर राव , संजय मिश्रा रायपुर, देवनारायण शर्मा, जयंत पांडेय महाराष्ट्र, पंडित विनोद चौबे भिलाई, ए के वर्मा, नरेंद्र शास्त्री उज्जैन सहित देश व राज्य के ज्योतिषगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय होंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर नीरज पाल व समाजसेवी बी पी देशमुख होंगे। ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन में श्री विद्वान ज्योतिष व गुरु द्वय विजयकांत भट्ट एवम वाय एस एन मूर्ति को 50 वर्ष से अधिक समय से ज्योतिष की उत्कृष्ट व महान सेवा के लिए एवं विद्वान ज्योतिष स्वर्गीय जी रंगाराव को मरणोपरांत उनके द्वारा अपने जीवन काल मे ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य व उल्लेखनीय सेवाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।साथ ही ज्योतिष गणों को ज्योतिष रत्न,ज्योतिष शोध रत्न और ज्योतिष विभूति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु आधुनिक परिदृश्य व तकनीकी युग मे ज्योतिषीय शोध की आवश्यकता रखी गई है इस कार्यक्रम में ज्योतिष व संस्कृत के विद्वान अपने शोध व दीर्घकालिक अनुभव साझा करेंगें। स्वर्गीय जी रंगाराव की स्मृति में आयोजित इस सम्मेलन के अवसर पर ज्योतिष स्मारिका के रूप में ज्योतिष दर्शन पत्रिका का विशिष्ट अंक प्रकाशन भी किया जा रहा है।

### हजरत मुहम्मद की तालीम पर चलने दिया

**भिलाई।** मुस्लिम समुदाय का तीन दिन का दीनी इज्तिमा शनिवार को दुआओं के साथ पूरा हुआ। बैकुंठधाम बिजली आफिस के सामने अंबेडकर भवन में हुए इस इज्तेमा में छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित आसपास के इलाकों से बड़ी तादाद में लोग जुटे। तब्लीगी जमात भिलाई के अमीर सैय्यद ज़मीर व नज़्म के जिम्मेदार नासिर कुरैशी ने बताया कि इंसानियत के रहबर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इंसानों के सामने जहन्नुम (नरक) से बचने सच्चाई और ईमानदारी के साथ वाली एक पाकीजा जिंदगी लोगों के सामने पेश की। इज्तिमा में पैगम्बर हजरत मुहम्मद की इन्हीं तालीम के बारे में बताया गया। निजामुद्दीन मरकज से आए मुफ्ती अबुजर आदिलाबाद, मौलाना अब्दुल मालिक खान भोपाल, हाफ़िज़ शकील अमरावती, मोहम्मद असलम दिल्ली, अपने दोस्त अहबाब के साथ अच्छा अखलाक (व्यवहार) बरतने को जोर दिया।

# दुर्ग निगम में भाजपा को भारी बहुमत, अलका वाघमार ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता को 67,295 मतो से हराया

## नगर निगम दुर्ग के 60 वार्डों में से 43 वार्डों में भाजपा जीती, 11 सीटों पर कांग्रेस व 6 सीट निर्दलीय को मिले

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे साफ हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया है। दुर्ग निगम में भी भाजपा को बंपर जीत मिली है। यहां भाजपा की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने 67,295 वोटों से जीत दर्ज की है। भाजपा कैंडिडेट को 107642 वोट मिले, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता को 40347 वोट मिले। इसके अलावा 43 वार्डों में बीजेपी जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस को 11 वार्डों में जीत मिली है। 6 सीटों पर निर्दलीय जीते हैं।



दुर्ग निगम के साथ ही भिलाई निगम के वार्ड 24, भिलाई चरोदा के वार्ड 32 व रिसाली निगम के वार्ड 34 में उपचुनाव हुए। भिलाई निगम के वार्ड 24 से भाजपा के प्रदीप सेन ने कांग्रेस प्रत्याशी दानवीर देवांगन को 876 वोटों से हरा दिया है। प्रदीप सेन को कुल 1958 वोट व दानवीर को 1082 वोट मिले। 47 वोट नोटा में भी पड़े हैं। इसी प्रकार नगर निगम भिलाई चरोदा उपचुनाव में वार्ड नं 32 देवबलौदा बस्ती से भाजपा प्रत्याशी शिवकुमारी ललित यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कुमार वर्मा को हरा दिया है। भाजपा को यहां 1033 वोट व कांग्रेस को 422 वोट मिले। इसके अलावा रिसाली निगम के वार्ड 34 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के राहुल राय ने भाजपा के हरबंस कोसरिया को हरा दिया है। राहुल राय को 814 व हरबंस कोसरिया को 593 वोट मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी चंपा लाल डहरे 93 मत मिले।

नगर निगम चुनाव के लिए 11 फरवरी को मतदान किए गए थे। मतों की गणना शनिवार को पुलगांव स्थित भारती विश्वविद्यालय में की गई। सुबह मतगणना शुरु होने के बाद प्रारंभिक रुझान भी आने शुरु हो गए थे।

मतगणना के शुरुआती दौर से ही भाजपा महापौर प्रत्याशी और भाजपा के पार्षद प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंदियों पर बढ़त बनाए हुए थे। यह बढ़त बाद में नतीजों में भी बदलते रहे। नगर निगम चुनाव में भाजपा को बंपर जीत मिलने से भाजपा खेमें में खुशियों का माहौल है। कई प्रत्याशियों द्वारा वार्डों में विजयी रैली भी निकाली गई। जिससे शनिवार को दुर्ग शहर भाजपामय रहा।

### वार्ड क्रमांक विजयी प्रत्याशी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वार्ड-01 | मनीष साहू भाजपा | वार्ड-17 | सुरुचि उमरे भाजपा | वार्ड-39 | गुलाब वर्मा भाजपा |
| वार्ड-02 | गोविंद देवांगन भाजपा | वार्ड-18 | देवनारायण चंद्राकर भाजपा | वार्ड-40 | सरिता विनोद चंद्राकर भाजपा |
| वार्ड-03 | नरेन्द्र बंजारे भाजपा | वार्ड-19 | रंजिता प्रमोद पाटिल भाजपा | वार्ड-41 | रुबीना हमीद खोखर कांग्रेस |
| वार्ड-04 | लीना दिनेश देवांगन भाजपा | वार्ड-20 | सावित्री दमाहे भाजपा | वार्ड-42 | प्रकाश गीते निर्दलीय |
| वार्ड-05 | विजयंत पटेल कांग्रेस | वार्ड-21 | विद्यावती सिंह भाजपा | वार्ड-43 | दीपक साहू कांग्रेस |
| वार्ड-06 | निलेश अग्रवाल भाजपा | वार्ड-22 | काशीराम कोसरे भाजपा | वार्ड-44 | मनीष कोठारी भाजपा |
| वार्ड-07 | जितेन्द्र ताम्रकार (बाबू) निर्दलीय | वार्ड-23 | मनोज सोनी भाजपा | वार्ड-45 | संजय अग्रवाल भाजपा |
| वार्ड-08 | खालिक रिजवी (शेरु) भाजपा | वार्ड-24 | डॉ. पायल पाटिल कांग्रेस | वार्ड-46 | लीलाधर पाल भाजपा |
| वार्ड-09 | ज्ञानेश्वर ताम्रकार भाजपा | वार्ड-25 | मनीषा सोनी कांग्रेस | वार्ड-47 | देवनारायण तांडी भाजपा |
| वार्ड-10 | चंद्रशेखर चंद्राकर भाजपा | वार्ड-26 | आरएन वर्मा कांग्रेस | वार्ड-48 | लोकेश्वरी ठाकुर भाजपा |
| वार्ड-11 | आशीष चंद्राकर भाजपा | वार्ड-27 | मनीष बघेल कांग्रेस | वार्ड-49 | भास्कर कुंडले कांग्रेस |
| वार्ड-12 | अजीत वैद्य निर्दलीय | वार्ड-28 | ममता ओमप्रकाश सेन भाजपा | वार्ड-50 | रेखा बंजारे कांग्रेस |
| वार्ड-13 | संजय कोहले कांग्रेस | वार्ड-29 | बबीता यादव निर्दलीय | वार्ड-51 | साजन जोसेफ भाजपा |
| वार्ड-14 | ललिता ठाकुर भाजपा | वार्ड-30 | श्याम शर्मा भाजपा | वार्ड-52 | गुलशन साहू भाजपा |
| वार्ड-15 | युवराज कुंजाम भाजपा | वार्ड-31 | हर्षिका संभव जैन भाजपा | वार्ड-53 | सविता पोषण साहू निर्दलीय |
| वार्ड-16 | खिलावन मटियारा निर्दलीय | वार्ड-32 | जितेन्द्र महोबिया भाजपा | वार्ड-54 | हिरौंदी चंदनिया भाजपा |
| | | वार्ड-33 | शशि द्वारका साहू भाजपा | वार्ड-55 | अश्वनी निषाद कांग्रेस |
| | | वार्ड-34 | कमल देवांगन भाजपा | वार्ड-56 | ललित ढीमर निर्दलीय |
| | | वार्ड-35 | कुलेश्वर साहू भाजपा | वार्ड-57 | सरस निर्मलकर भाजपा |
| | | वार्ड-36 | प्रतिभा सुरेश गुप्ता निर्दलीय | वार्ड-58 | रेशमा सोनकर भाजपा |
| | | वार्ड-37 | शिव नायक भाजपा | वार्ड-59 | नीलम परिहार भाजपा |
| | | वार्ड-38 | रामचंद्र सेन भाजपा | वार्ड-60 | नीरा खिचरिया कांग्रेस |

### अब दुर्ग ट्रिपल इंजन की रफ़्तार से दौड़ेगा- गजेन्द्र यादव



दुर्ग। दुर्ग निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार और 40 सीट पर भाजपा पार्षद प्रत्याशियों की प्रचंड जीत पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने भाजपा पर विश्वास जताने सभी मतदाताओ और कार्यकर्त्ताओ का आभार जताये है। विधायक गजेन्द्र यादव ने भाजपा की समर्पित कार्यकर्ता श्रीमती अलका बाघमार को 67,295 रिकॉर्ड मतों से महापौर निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा की यह ऐतिहासिक जीत न केवल श्रीमती बाघमार के व्यक्तिगत संघर्ष और कार्यशक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह भाजपा के प्रति जनता के गहरे विश्वास को भी दर्शाता है। अब दुर्ग ट्रिपल इंजन की रफ़्तार से दौड़ेगा। रिकॉर्डतोड़ मतों से दुर्ग नगर निगम की महापौर निर्वाचित होने पर दुर्ग निगम क्षेत्र के सभी मतदाताओं का एक बार आभार, वंदन और धन्यवाद किये। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा एक वर्ष में किये गए ऐतिहासिक कार्यों और दुर्गवासियों को मिले विकास कार्यों सौगात के फ्लस्वरुप आज दुर्ग ऐतिहासिक मतो के अंतर जीत हासिल किये। दुर्ग की जनता का बीजेपी के प्रत्याशीयों के प्रति अपार समर्थन बताता है विकास और विश्वास की सरकार भाजपा सरकार। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की नगर निगम चुनाव में वरिष्ठ नेताओं से मिले मार्गदर्शन और दुर्ग के सभी कार्यकर्त्ताओ के अथक प्रयास से दुर्ग निगम चुनाव में रिकॉर्ड बना है।

# तेरह महिना और मोदी की गारंटी, इसी का परिणाम है नगरीय निकाय चुनाव-दक्ष वैद्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भाजपा युवा नेता एवं हिन्द सेना समाजसेवी संगठन छात्र ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने प्रदेश के नगरीय निकायों में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारी भाजपा सरकार के जनहितैषी कामकाज और लगनशील एवं कर्मठ मुख्यमंत्री विष्णु देव जी साय के सुशासन की जीत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने महज तेरह माह के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिखाया है, चुनावी संकल्प पत्र के मुताबिक किसानों से उनका पूरा धान 31 सौ रुपए प्रति



क्विंटल की दर से खरीदा गया। इस वर्ष धान खरीदी के सारे रिकार्ड टूट गए,जबकि धान की खेती का रकबा यथावत है।

दक्ष वैद्य ने कहा है कि धान के समर्थन मूल्य के तहत राशि का बिना देरी किए किसानों को भुगतान किया गया और धान की अंतर राशि कुछ दिनों पहले ही किसान भाइयों के खातों में अंतरित कर दी गई है। इससे किसान भाइयों के जीवन में खुशहाली आई है, यही तो सुशासन है। दक्ष वैद्य ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की माता बहनों को महतारी वंदन योजना की राशि हर माह समय पर उनके खातों में भेजी जा रही है। इससे माता बहनों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। वे छोटी छोटी बचत कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रही हैं और घर चलाने में बड़ा योगदान देने लगी हैं। माता बहनों और किसानों के साथ ही मजदूर भाइयों,तेंदूपत्ता संग्राहकों, अल्पसंख्यकों,अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े जाती के लोगों के भी कल्याण के लिए हमारी भाजपा सरकार प्रण प्राण से काम कर रही है। दक्ष वैद्य ने कहा है कि एक ओर हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी जहां पूरी दुनिया में मां भारत भारती का मान बढ़ा रहे हैं,तो वहीं दूसरी ओर हमारे दयावान एवं कर्मयोगी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कार्यों के दम पर पूरे देश में छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा रहे हैं। राज्य में सुशासन की लहर चल रही है और इस लहर से हमारे समाज का हर तबका तरंगित हो रहा है। इसी सुशासन का परिणाम है कि आज आए चुनाव परिणाम एकतरफा भाजपा के पक्ष में गए हैं। प्रदेश के दस नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का साफसंकेत दे रही है कि प्रदेश के लोगों को हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का सुशासन रास आ गया है।

दक्ष वैद्य ने कहा है कि विष्णु देव साय जी का जादू गांव गांव में चल रहा है और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भी भाजपा शानदार प्रदर्शन करेगी। सभी जनपद और जिला पंचायतों में भी भाजपा का परचम लहराएगा। सभी जनपद व जिला पंचयतों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीतकर आएंगे। दक्ष वैद्य ने कहा कि भाजपा पर भरोसा कायम रखने के लिए प्रदेश की जनता का आभार माना है।

# मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली ऐतिहासिक जीत- भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला संगठन के सभी 6 नगरीय निकायों में भाजपा का परचम लहराने पर दुर्ग जिले के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त हर्ष व्याप्त है। पूरे जिले के सभी नगरीय निकायों से जीत का समाचार आते ही दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ गया, पटाखे फोड़कर मिठाइयां बांटकर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष और पदाधिकारीगण समेत अनेकों कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने 95 प्रतिशत से ज्यादा जीत हासिल की है। महापौर के रूप में अलका बाघमार की जीत सही मायने में जनता की जीत है भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। जिस आशा और विश्वास से जनता ने भाजपा को महापौर सहित तमाम नगरीय निकायों में



जीत दिलाई है भाजपा उस पर खरा उतरेगी।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि दुर्ग नगर निगम के साथ-साथ कुम्हारी, अमलेश्वर नगर पालिका और उतई, धमधा, पाटन नगर पंचायत में जीत हासिल करके दुर्ग जिले में भाजपा ने शत प्रतिशत परिणाम दिया है। अब आगे पंचायतों के चुनाव में भी भाजपा पूरी शक्ति के साथ लड़ेगी। पंचायत विकास एवं ओबीसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग शहर में महापौर पद पर भाजपा की रिकॉर्ड जीत और पार्षद पदों में शानदार जीत दिलाकर जनता ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के महापौर का चुनाव जनता ने विधायक से भी ज्यादा अंतर से जिताया है। जनता का प्यार और विश्वास बीजेपी के प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है और इसे कायम रखने के लिए पूरी तत्परता के साथ जनता की सेवा करेंगे। नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने कहा कि वो पार्टी की एक छोटी सी कार्यकर्ता है और पार्टी ने ऐसे आम कार्यकर्ता को महापौर के रूप में प्रत्याशी बनाकर जनता के बीच भेजा जिसे जनता ने प्रचण्ड मतों से जिताया। इस प्रचंड जीत ने उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान हुई भूल चूक के लिए जनता और कार्यकर्ताओं से क्षमा याचना भी की। जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि भाजपा ने पूरे प्रदेश में इतिहास रचा है। भाजपा ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक वोट प्रतिशत से दुर्ग निगम को जीता है, भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार को 71 प्रतिशत वोट मिले हैं, कांग्रेस प्रत्याशी को मिले वोटों से ज्यादा जीत का अंतर है। दुर्ग में महापौर और पार्षद चुनाव में भाजपा ने इतिहास रचा वही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के क्षेत्र से कांग्रेस का सफाया हो गया। पाटन विधानसभा क्षेत्र के पाटन नगर पंचायत, अमलेश्वर और कुम्हारी नगर पालिका में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। दुर्ग जिले में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। जनता ने कांग्रेस पार्टी को जबरदस्त सबक सिखाया है। धमधा और उतई नगर पंचायत की जीत ने भी मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर विश्वास जताया है। दुर्ग जिले के नगरीय निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार शत प्रतिशत बनी है। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं में चन्द्रिका चन्द्राकर, उषा टावरी, कांतिलाल बोथरा, प्रितपाल बेलचंदन, अजय तिवारी, चतुर्भुज राठी, शिव चन्द्राकर, डोमार सिंह वर्मा, देवेंद्र चंदेल, जिला उपाध्यक्ष अरविन्दर खुराना, आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, मनोज मिश्रा, दिनेश देवांगन, संतोष सोनी, संजय बघेल, नीलेश अग्रवाल, रजनीश श्रीवास्तव, नारायण दत्त तिवारी, महेंद्र लोढ़ा, कमलेश फेकर, हरीश चौहान, विजय ताम्रकार, मदन वाढई, प्रकाश साहू, नवीन पवार, सुरेन्द्र बजाज, मौसमी ताम्रकार, मनीष भंडारी, आसिफ अली, राजेश राजपूत, गायत्री वर्मा, जय श्री राजपूत, बानी सोनी, उमाभारती साहू, डॉ गुंजा पिंचा, शारदा गुप्ता, डॉ भारती साहू, हर्षिका संभव जैन, नीलम सिंह परिहार, रितेश शर्मा, वीरेंद्र तन्ना, इष्टपाल भाटिया, शुभम शर्मा, जितेंद्र साहू, प्रशांत अग्रवाल, नितेश जैन, लुकेश बघेल, आनंद गौतम, शिवेन्द्र परिहार, अशोक साहू, विष्णु साहू सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# कलेक्टर की अध्यक्षता में अबूझमाड़ मैराथन के आयोजन संबंधी हुई बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नारायणपुर-रायपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन-2025 के आयोजन संबंधी बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर ममगाईं ने जिले में मैराथन के सफल आयोजन हेतु की जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 के प्रचार-प्रसार हेतु दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता सहित कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल एवं साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, प्रशस्ति पत्र, मेडल और सड़क मरम्मत संबंधी कार्यों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के पंजीयन, भोजन, रूकने की व्यवस्था आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को सभी सुविधा समय पर उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही विजयी एवं प्रतिभागियों को मिलने वाले पुरस्कार आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

आयोजन स्थल परेड ग्राउंड नारायणपुर से 2 मार्च को प्रातः 05.30 बजे से किया जाएगा। समापन समारोह बासिंग में किया जाएगा। मैराथन दौड़ का मार्गः नारायणपुर से बासिंग तक सड़क के दोनों किनारे सजावट किए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया है। मैराथन की दूरी हॉफ मैराथन 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर को आयोजन किया जाएगा। ओपन हॉफ मैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर, ओपन जिला हॉफमैराथन महिला एवं पुरूष 21 किलोमीटर, दौड़ ओपन महिला एवं पुरुष 10 किलोमीटर और ओपन दौड़ महिला 5 किलोमीटर का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार की कुल राशि 15 लाख 84 हजार रुपये विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा।

ओपन हॉफ मैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर - प्रथम पुरस्कार 1,50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1,00,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 75,000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 50,000 रुपये, पंचम् पुरस्कार 50,000 रुपये एवं छठवाँ से दसवाँ पुरस्कार तक 10-10 हजार रुपये की मान से पुरूष वर्ग की राशि 4,75,000 रुपये एवं महिला वर्ग हेतु 4,75,000 रुपये की राशि प्रदाय किए जायेंगे।

ओपन जिला हॉफमैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर - प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 75,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 50,000 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 10,000 रुपये, पंचम् पुरस्कार 10,000 रुपये और छठवाँ से दसवों पुरस्कार तक 05-05 हजार रुपये की राशि पुरूष वर्ग को 2,70,000 रुपये एवं महिला वर्ग को 2,70,000 रुपये की राशि प्रदाय किया जाएगा। दौड़ ओपन महिला एवं पुरुष 10 किलोमीटर - प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 8,000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1,000 रुपये एवं पंचम् पुरस्कार 1,000 रुपये की मान से पुरूष वर्ग को 35,000 रुपये एवं महिला वर्ग 35,000 रुपये दिए जायेंगे। दौड़ ओपन महिला 05 किलोमीटर - प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1,000 रुपये एवं पंचम् पुरस्कार 1,000 रुपये, की मान से महिला वर्ग को कुल 24,000 रुपये पुरस्कार के रूप में प्रदाय किया जाएगा।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया, एसडीएम गौतमचंद पाटिल, डिप्टी कलेक्टर सुमीत गर्ग, एसी ट्राईवल राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान, नगर पालिका सीएमओ आशीष कोर्रामएवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खास खबर...



### श्यामाचरण शुक्ल दूरगामी सोच के नेता थे - अमितेश

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता पं. श्यामाचरण शुक्ल को उनके पुण्यतिथि पर शुक्रवार को स्मृति स्थल श्याम घाट, महादेव घाट में उनके चित्र, स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी।

पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि पं. श्यामाचरण शुक्ल जी दूरगामी सोच के नेता थे, उनके कार्यकाल में सिंचाई एवं जल हेतु नहरों का निर्माण करवाया गया, अनेक बांध बनवाये गये, किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा गया, शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए, युवाओं के रोजगार का ध्यान रखा गया, नये उद्योग-व्यापार का विस्तार हुआ, आवागमन के साधनों में वृद्धि एवं सड़कों का निर्माण करवाया गया, मरीजों की सुविधाओं के लिए अस्पतालों का निर्माण करवाया गया। शहरों के समुचित, व्यवस्थित विकास के लिये मास्टर प्लान बनाया गया. वे सर्व धर्म समभाव की नीति से कार्य किये। उन्होंने सदा उच्च आदर्शों, सिद्धांतों की राजनीति की। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मनोज कंदोई, सुंदर जोगी, नितिन कुमार झा, विकास गुप्ता, सुनील बाजारी, किशन बाजारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन एवं शुक्ल समर्थकगण उपस्थित थे।

### यूजर चार्ज के युक्तियुक्तकरण की घोषणा, एएचपीआई ने किया स्वागत

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) की छत्तीसगढ़ इकाई ने कांग्रेस और भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनावों के घोषणापत्र में यूजर चार्ज के युक्तियुक्तकरण करने की घोषणा का स्वागत किया है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि एएचपीआई द्वारा यूजर चार्ज के युक्तियुक्तकरण की आवश्यकता बताते हुए लगातार नगरीय प्रशासन मंत्री सहित नगर निगम से इसकी मांग की गई थी। इसका प्रस्ताव नगर निगम रायपुर की एम आई सी ने पहले ही पारित किया हुआ है और यह राज्य शासन के पास विचाराधीन है। अब जब दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल किया है तो एएचपीआई की यह आशा है कि नगर निगमों में जिस भी पार्टी का महापौर बने वह एमआईसी की पहली बैठक में ही इसका प्रस्ताव पास करवाकर यूज़र चार्ज के युक्तियुक्तकरण को क्रियान्वित करवाने के लिए राज्य शासन से उचित पहल और समन्वय करेगी।

### प्रभारी अपर आयुक्त ने निगम में अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं पूछीं

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक ने उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, संयुक्त संचालक वित्त दिनेश निर्मलकर, कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान, दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश कडु की उपस्थिति में नगर निगम मुख्यालय भवन के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कर्मचारियों ने प्रभारी अपर आयुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रभारी अपर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम रायपुर कर्मचारियों की समस्याओं का नियमानुकुल समय पर निदान करने का कार्य कर रहा है।



प्रभारी अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये गये आदेशानुसार कार्यालयीन दिवस में निगम कार्यालय में कर्तव्य पर प्रातः 10 बजे के पूर्व उपस्थित होने एवं संध्या 5:30 बजे के उपरांत ही कार्यालय छोड़ने का निर्देश दिया। अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार संबंधितों पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी । इसके साथ ही नियमानुसार दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने एवं कार में चलते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रभारी अपर आयुक्त ने दिये है।

# पंडरिया विधानसभा की जनता ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर किया प्रहार - भावना बोहरा

## क्षेत्र के विकास के लिए बनाई ट्रिपल इंजन सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। 10 नगर निगमों, 49 नगर परिषदों और 114 नगर पंचायतों के चुनाव में हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जीत का परचम लहराया है। पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी में भी भाजपा ने अपने जीत का परचम लहराया है वहीं प्रदेश की सभी दस नगर निगमों में भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस को क्लीन स्वीप कर दिया है।



इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने नगर की अस्थिर कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के सुशासन की ट्रिपल इंजन सरकार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई और इंदौरी में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई जिसके लिए मैं सभी मतदाताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करती हूँ। प्रदेश के 10 नगर निगम में जनता ने अपने जनादेश से भाजपा के महापौर को चुना है। पंडरिया नगर में भी नगर पालिका अध्यक्ष हेतु भाजपा प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे जी को जनता ने ऐतिहासिक जीत के साथ पंडरिया के विकास एवं पूर्व की अस्थिर नगर कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार एवं ठप्प पड़े विकास कार्यों को नाकारा और डबल इंजन भाजपा सरकार में हुए विकास कार्यों के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है।

उन्होंने आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है, यह जीत जनता एवं भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के निष्ठा, आस्था और विश्वास की जीत है। भाजपा ने विकास और जनता के हित के विषयों को लेकर चुनाव में जनता तक अपनी बात पहुंचाई लेकिन पंडरिया में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जनता को डराने-धमकाने, शांति भंग करने और अराजकता फैलाकर चुनाव में भय का माहौल बनाया, परन्तु जनता ने कांग्रेस के इस भय, अपराध और भ्रष्टाचार की नीतियों को नकार कर पंडरिया, पांडा तराई और इंदौरी सहित पूरे प्रदेश में विकासवादी एवं भाजपा के सुशासन की ट्रिपल इंजन सरकार बनाया है। जनता ने मोदी जी की गारंटी और अटल विश्वास पत्र पर जताया है। यह साबित करता है कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगम रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, अंबिकापुर, चिरमिरी और धमतरी में हुए चुनाव में 10 नगर निगमों में 10 पर बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है. वहीं, कांग्रेस का सूफड़ा साफहो गया है और दिल्ली चुनाव की तरह छत्तीसगढ़ में नगर निगम चुनाव में भी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई है।

भावना बोहरा ने कहा कि कबीरधाम जिला में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है यह 14 महीने की भाजपा सरकार की कुशल नीतियों और जनता की अकंस्काहों के अनुरूप हुए विकास कार्यों का परिणाम है कि जनता ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है।

जिले के दोनों नगर पालिका में भाजपा की जीत हुई वहीं 7 नगर पंचायतों में से 5 में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। अपने जनादेश से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि पांच वर्षों तक कांग्रेस के कुशासन में जनता ने जिस बदहाली को देखा है अब उसे समाप्त करते हुए हमारे नगर और शहरों के विकास के लिए भाजपा के सुशासन का सूर्योदय किया है।

भावना बोहरा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भाजपा की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में हमने विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता से पूरे किये हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण : कचरा डाल रहे ट्रैक्टर ट्राली को नगर निगम ने किया जब्त



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियां की जा रही है।

इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को जोन प्रभारी अधिकारी का दायित्व दिया है. आज स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान जोन 9 जोन प्रभारी अधिकारी निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के क्षेत्र में राजवाड़ा सिटी के आगे बिरगांव की एक ट्रेक्टर ट्राली को कचरा डालते हुए देखा। इस पर निगम उपायुक्त के निर्देश पर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर ने तत्काल स्थल पर बिरगांव की ट्रेक्टर ट्राली को पकड़कर जब्त करने की कार्यवाही की है. इसमें नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

### सरयुपारिण ब्राह्मण समाज रायपुर का प्रथम सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न

**रायपुर।** शुक्रवार को सरयुपारिण ब्राह्मण समाज रायपुर का प्रथम बार आयोजित सामूहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार में मंचस्थ अतिथिगण के साथ कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सचिव पं. सुरेश मिश्र, सहसचिव पं. रज्जन अग्निहोत्री सम्मिलित हुए।

# 31वीं नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम की घोषणा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा 17 से 23 फरवरी 2025 तक इंदौर में 31वीं नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता हेतु मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय रायपुर के अंचल प्रमुख (छग एवं उड़ीसा) बीआर रामा कृष्णा नायक जी तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टेबल टेनिस टीम की घोषणा की गयी तथा टीम को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा प्रायोजित टी शर्ट का वितरण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े सहित सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी।

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम कल 15 फरवरी को रवाना हुए। टीम के कोच प्रदीप जोशी (रायपुर) एवं मेनेजर विमल नायर (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए प्रवीण निरापुरे (रायपुर), आकाश श्रीवास्तव (बिलासपुर), हर्ष राजपूत (रायपुर), पुलकित यदु (गरियाबंद) को चुना गया है। टीम इस प्रकार है:-पुरुष (आयु वर्ग 40) - रजनीश ओबेरॉय-कप्तान (दुर्ग), चिरंजीत राय (रायपुर महानगर), संदीप चटर्जी (रायपुर महानगर), नामित, कोठारी (रायपुर), दीपक वर्मा (रायपुर) शामिल हैं। वहीं महिला (आयु वर्ग 40) - सुश्री दिव्या आमदे- कप्तान (रायपुर महानगर), सुश्री प्रमिला देवांगन (रायपुर महानगर), डॉ. स्वाति बांठिया (रायपुर) हैं। पुरुष (आयु वर्ग 50) - संजय लहेजा- कप्तान (बिलासपुर), डॉ. अविनाश इंगले (रायपुर महानगर), मार्कण्ड गोखले (रायपुर महानगर), राजीव काले (रायपुर), प्रमोद के. मौर्या (खैरागढ़), विनय केजरीवाल (रायपुर महानगर), महिला (आयु वर्ग 50) - सुश्री प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर), पुरुष (आयु वर्ग 60) (ए), - सुशांत बोरवनकर-कप्तान (रायपुर), पवन शादीजा (रायपुर), शेन स्टीफन (रायपुर), लोकेन्द्र सिंह साहू (दुर्ग), रविन्द्र बारगथ (दुर्ग), पुरुष (आयु वर्ग 60) (बी) - (दुर्ग),- अरूण बावरिया- कप्तान (रायपुर), विमल नायर (रायपुर), योगेश प्रधान (रायपुर), एस.ए. अली (रायपुर), मोहम्मद शफाक (रायपुर) शामिल हैं।

# रोटरी क्लब ने एसपी सिंह का किया सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में हाल ही में हुई 60 लाख रुपये की डकैती के मामले को महज 36 घंटे के भीतर सुलझाने और अपराधियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता के लिए रायपुर पुलिस की सराहना की जा रही है। विशेष रूप से, यह उपलब्धि उस समय हासिल की गई जब पुलिस के समक्ष कड़ी चुनावी ड्यूटी की चुनौती भी थी।

रायपुर पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सदस्यों ने क्लब के अध्यक्ष पंकज चोपड़ा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह का सम्मान किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके नेतृत्व में पुलिस टीम की तत्परता और समर्पण की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी।

शहरवासियों ने भी रायपुर पुलिस के इस तेज और सटीक एक्शन की प्रशंसा की है। इस सद्वत्तलता से न केवल अपराध पर कड़ा प्रहार हुआ है, बल्कि आम नागरिकों का कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन पर भरोसा भी और मजबूत हुआ है। रोटरी क्लब ऑफ़रायपुर ग्रेटर से अध्यक्ष पंकज चोपड़ा, एस के अग्रवाल, मुनीश सग्गर, हेमंत अग्रवाल, रंजन नत्थानी, विनय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, बीरेन्द्र शर्मा, राजेश चौरसिया, राजीव अग्रवाल उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह से बात करते हुए अध्यक्ष पंकज चोपड़ा ने पुलिस के लिए शेड बनाने जैसे कार्यो पर पुलिस विभाग को रोटरी के द्वारा सहयोग देने का भी विश्वास दिया। रायपुर पुलिस का यह सराहनीय प्रयास यह दर्शाता है कि वे नागरिकों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए हर परिस्थिति में सतर्क और तत्पर हैं।









# शबाना आजमी और ज्योतिका स्टारर डब्बा कार्टेल का टीजर हुआ रिलीज

### 28 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक



काफी समय से अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी आगामी वेब सीरीज डब्बा कार्टेल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान हितेश भाटिया ने संभाली है। फरहान अख्तर इसके निर्माता हैं।

शबाना के अलावा इस सीरीज में गजराज राव, ज्योतिका और साई ताम्हणकर जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे। अब आखिरकार निर्माताओं ने डब्बा कार्टेल का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें शबाना की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। टीजर को प्रशंसक पसंद कर रहे हैं।

डब्बा कार्टेल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सीरीज की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। डब्बा कार्टेल को आप 28 फरवरी, 2025 से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, आज डब्बे में क्या है? इस सीरीज में निमिषा सजयन, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, जिशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेन्द्र सिंह जादावत भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। टीजर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।



# मलाइका अरोड़ा ने दिखाया मदमस्त अंदाज, हॉटनेस देख छूटे फैंस के पसीने

**बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस और फैशनिस्ट मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।**



एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और क्साली फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर और गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

मलाइका अरोड़ा की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो ग्लैमरस और हॉट लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों को ओपन कर के, लाइट मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक कई सारे यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है– टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है– बोल्ड एंड ब्यूटिफुल मल्ला। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस 51 साल की हो गई हैं, लेकिन आज भी अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर तबाही मचाती रहती हैं।

# मिथिला पालकर ने अपनी पहली तमिल फिल्म यात्रा को वास्तव में विशेष बताया

**अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपनी बहुप्रतीक्षित पहली तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी कर ली है और अभिनेत्री खुशी और उत्साह से अभिभूत हैं। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, मिथिला ने कहा, मैंने अपनी पहली तमिल फिल्म पूरी कर ली है और मैं हर किसी के इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती! ऐसा लगता है जैसे कल ही हमने मुहूर्त शॉट शूट किया था और अब, हमने शूटिंग पूरी कर ली है - यह एक अद्भुत एहसास है। यह यात्रा वास्तव में खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि मुझे उन अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने का मौका मिला।**

उन्होंने आगे कहा तमिल में अपनी लाइनें सीखना निश्चित रूप से एक चुनौती थी, लेकिन मैंने इसका पूरा आनंद लिया। मेरे सह–कलाकार रुद्र, मेरे निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार और पूरी कास्ट और क्रू ने मुझे बहुत स्वागत और घर जैसा महसूस कराया, भले ही मैं तमिल भाषा नहीं बोल पाता। उनके निरंतर समर्थन और गर्मजोशी ने इस प्रक्रिया को बहुत आसान और और भी मज़ेदार बना दिया. मिथिला ने आगे कहा, सिर्फ फिल्मांकन के अनुभव से परे, मुझे संस्कृति में डूबने का मौका मिला, मैंने अपना ज़्यादातर समय यहाँ बिताया और इस दौरान बहुत कुछ सीखा। यह फिल्म सीखने और विकास की यात्रा रही है, और मैं अपने दर्शकों को इस नए अवतार में देखने के लिए बेताब हूँ!

ओहो एंथन बेबी' का निर्देशन कृष्णकुमार रामकुमार ने किया है और इसका निर्माण रोमियो पिक्चर्स, विष्णु विशाल और डी कंपनी ने किया है। इस बीच, मिथिला पालकर हाल ही में फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' में नज़र आईं, जहाँ उन्होंने गीतकार दीया का किरदार निभाया। विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सपनों की असली दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है। इस फिल्म में अमोल पाराशर, मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी थे।

'स्वीट ड्रीम्स' 24 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ हुई।

फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिससे हममें से कई लोग खुद को जोड़ पाएंगे क्योंकि वह भ्रमित है, महत्वाकांक्षी है और कुछ और पाने की चाहत रखती है। केनी के साथ उसके जो सपने हैं, वे सिर्फ़ रोमांस के बारे में नहीं हैं; वे यह समझने के बारे में हैं कि वास्तव में क्या मायने रखता है। इस फिल्म की शूटिंग करना एक भावनात्मक यात्रा की तरह लगा।



# हर्षवर्धन राणे ने अनाउंस की नई लव स्टोरी दीवानियत


### टीजर भी आया सामने

**हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की सनम तेरी कमस की री-रिलीज ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इसी बीच हर्षवर्धन ने एक और रोमांटिक लव स्टोरी का एलान किया है। खास बात ये है कि उन्होंने इसकी घोषणा प्यार के दिन वैलेंटाइन डे पर की है जिसमें उन्होंने वादा किया कि फिल्म रोमांचक और दिल को झकझोर देने वाली होगी।**

सनम तेरी कसम की अपार सफलता के बाद अब हर्षवर्धन दीवानियत लेकर आ रहे हैं। जिसकी अनाउंसमेंट उन्होंने एक शानदार मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए की है। मोशन पोस्टर में एक खून से लथपथ हाथ में एक गुलाब का फूल है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, हमारी अपकमिंग फिल्म की घोषणा, दीवानियत हर्षवर्धन राणे स्टारर एक दिल को झकझोर कर देने वाली म्यूजिकल लव स्टोरी, सनम तेरी कसम की री–रिलीज की ग्रैंड सक्सेस के बाद। बता दें फिल्म को 2025 को अंत तक रिलीज किए जाने की योजना है।

हर्षवर्धन राणे ने आगामी फिल्म के लिए अपनी उत्सुकता दिखाते हुए कहा, मैं दर्शकों का आभारी हूं कि उन्होंने सनम तेरी कसम के लिए मुझे इतना प्यार दिया है। एक लव स्टोरी काफी पावरफुल होती है, जब मैंने दीवानियत में अपने रोल और कहानी के पागलपन, जुनून को सुना, तो मैंने तुरंत इसे अपनी अगली फिल्म के रूप में चुना। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने निर्देशक मिलाप मिलन जावेरी और निर्माता अमूल वी मोहन, अंशुल मोहन के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हूं। उम्मीद है कि दर्शकों को भी यह दिल तोड़ने वाली लव स्टोरी पसंद आएगी।

हाई–वोल्टेज स्टोरीटेलिंग (सत्यमेव जयते, मरजावां) के मास्टर मिलाप मिलन जावेरी द्वारा निर्देशित और मुश्ताक शेख (ओम शांति ओम) द्वारा लिखित यह फिल्म बड़े पर्दे पर जुनून और दिल टूटने की एक एपिक कहानी का वादा करती है। इस म्यूजिकल लव स्टोरी के लिए लीड एक्ट्रेस की घोषणा जल्द की जाएगी। द साबरमती रिपोर्ट के मेकर्स द्वारा बनाई गई दीवानियत इस साल फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है और इसे 2025 के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।




# पीरियड ड्रामा फिल्म कांथा से भाग्य श्री बोरसे की फर्स्ट लुक आउट





**कांथा की निर्माताओं ने मुख्य नायिका भाग्य श्री बोरसे का पहला लुक कुछ समय पहले ही जारी किया गया है। पहली तस्वीर में भाग्य श्री बोरसे एक खूबसूरत बैठी हुई मुद्रा में दिखाई दे रही हैं। पारंपरिक लुक में दिख रही उनकी आकर्षक अदाओं ने दर्शकों का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया है। वैलेंटाइन डे स्पेशल पोस्टर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।**

मलयालम स्टार दुलकर सलमान और टॉलीवुड स्टार राणा दग्गुबाती की जोड़ी वाली पीरियड ड्रामा कांथा की घोषणा कुछ महीने पहले ही की गई थी। फिलहाल, शूटिंग तेजी से चल रही है। कांथा का निर्देशन सेल्वामणि सेल्वराज कर रहे हैं, फिल्म का निर्माण डीक्यू वेफेयरर फिल्म्स और स्पिरिट मीडिया ने मिलकर किया है। फिल्म का संगीत प्रशांत ने तैयार किया है और इसमें अभिनेता समुथिरकानी प्रमुख भूमिका में हैं। राणा दग्गुबाती इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं।








# बदलते मौसम में त्वचा को स्वस्थ और चमकदार रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके


मौसम के बदलाव का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है। जब मौसम बदलता है तो हमारी त्वचा को भी खास देखभाल की जरूरत होती है। चाहे सर्दी हो या गर्मी, हर मौसम में त्वचा की देखभाल का तरीका अलग होता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रख सकते हैं।

### रोजाना मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं

बदलते मौसम में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी त्वचा को नियमित रूप से मॉइस्चराइज करें। ठंडे मौसम में हवा शुष्क होती है, जिससे आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसके लिए एक अच्छा मॉइस्चराइजर चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो। इसे नहाने के बाद और सोने से पहले लगाएं ताकि आपकी त्वचा नमी से भरपूर रहे और उसमें चमक बनी रहे।

### सही आहार लें

आपकी डाइट का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है। बदलते मौसम में ताजे फल, सब्जियां और पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी होता है। विटामिन–सी युक्त फलों जैसे संतरा, नींबू आदि का सेवन करें, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ–साथ आपकी त्वचा को भी निखारते हैं। इसके अलावा



ओमेगा–3 फैटी एसिड्स वाले खाद्य पदार्थ जैसे अखरोट और अलसी का सेवन भी फायदेमंद होता है।

### सनस्क्रीन लगाना न भूलें

कई लोग यह मानते हैं कि सनस्क्रीन का उपयोग केवल गर्मियों में करना चाहिए, लेकिन यह एक गलतफहमी है। चाहे सर्दी हो या बरसात, सूरज की हानिकारक किरणें हमेशा हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए हर दिन बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। यह आपकी त्वचा को यूवी किरणों से बचाने में मदद करता है और उसे स्वस्थ रखता है। सनस्क्रीन का नियमित उपयोग आपकी त्वचा की सुरक्षा के लिए एक अहम कदम है।

### हल्के फेसवॉश का उपयोग करें

बदलते मौसम में चेहरे की सफाई बहुत जरूरी होती है। कठोर साबुन या फेसवॉश का उपयोग न करें क्योंकि ये आपके चेहरे की प्राकृतिक नमी छीन सकते हैं। इसके बजाय हल्के और प्राकृतिक तत्वों से बने फेसवॉश का उपयोग करें जो गंदगी साफ कर चेहरे को मुलायम बनाए रखे। दिन में दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले, चेहरा साफ करना आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

### पर्याप्त नींद लें

नींद का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है। अगर आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इसका असर आपके चेहरे पर थकावट के रूप में दिख सकता है। इसलिए रोजाना कम से कम 7–8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। यह आपकी त्वचा को तरोताजा और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। अच्छी नींद से आपकी त्वचा की प्राकृतिक चमक बनी रहती है और आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं, जिससे आपकी त्वचा स्वस्थ नजर आती है।

## कोलेस्ट्रॉल समेत इन बीमारियों में कारगर है तांबे के बर्तन में पानी पीना, शरीर को मिलते हैं ये फायदे

मौजूदा समय में ज्यादातर लोग कांच या स्टील के गिलास में पानी पीते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि तांबे के बर्तन में पानी पीना कितना स्वास्थ्यवर्धक है? खासकर सर्दी के मौसम में अगर आप सुबह तांबे के गिलास या बर्तन में पानी पीते हैं तो इससे आप पूरे दिन ऊर्जा से भरपूर, हल्का और तरोताजा महसूस कर सकते हैं। आइए जानते हैं तांबे के बर्तन में पानी पीने के क्या फायदे हैं।

### नियमित तांबे के बर्तन में पानी पीने के फायदे-

आयुर्वेदिक डॉक्टर का कहना है कि अगर आप तांबे के गिलास में पानी पीते हैं तो आप अपना वजन बढ़ने से रोक सकते हैं। रोजाना एक गिलास तांबे के बर्तन में पानी पीने से पाचन शक्ति मजबूत होती है। साथ ही पेट की समस्या से बचाव होता है। अगर आप हर रोज सुबह के समय खाली पेट तांबे के बर्तन में पानी पिएं तो यह बढ़ती उम्र के संकेतों को कम करता है। अगर आप हार्ट को हेल्दी रखना चाहते हैं तो आप रोजाना तांबे के बर्तन में पानी पिएं। इससे हाइपरटेंशन और कोलेस्ट्रॉल में भी कमी आ सकती है। अगर आपके जोड़ों में सूजन, दर्द रहता है या फिर अर्थराइटिस की समस्या है तो रोजाना खाली पेट तांबे के बर्तन में पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। तांबे बर्तन में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो पानी में मिलकर शरीर में हुए घावों को तेजी से भरने में मदद करते हैं। रोजाना तांबे के बर्तन में पानी पीने से त्वचा के स्वास्थ्य और मेलेनिन उत्पादन को बढ़ावा देता है। तांबे के बर्तन में रोगाणु रोधी गुण होने के कारण ये संक्रमण से लड़ता है।

# जो लोग नहीं जा सकें महाकुंभ में वो न हो निराश, महाशिवरात्रि के बाद भी संगम क्षेत्र में रहेंगी सुविधाएं, नाव से संगम स्थल पर कर सकेंगे स्नान

**प्रयागराज (एजेंसी)। महाशिवरात्रि के बाद भी संगम क्षेत्र में सारी सुविधाएं रहेंगी। घाटों पर स्नान, सुरक्षा, चकर्ड प्लेट आदि सुविधाएं रहेंगी। नाव से संगम स्थल पर भी जाकर स्नान कर सकेंगे। हालांकि, महाकुंभ की समाप्ति के बाद पंडाल, प्रदर्शनी, विशेष जेटी आदि आकर्षण नहीं रहेंगे। महाकुंभ के बाद भी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसे देखते व्यापक स्तर पर सुविधाएं बहाल रखने का निर्णय लिया गया है।**



माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के बाद भी स्नानार्थियों की भीड़ चली आ रही है। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को तो दिन में 12 बजे तक ही करीब 75 लाख लोग स्नान कर चुके थे। ऐसे में आगे भी श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद की जा रही है। इस संभावना को देखते हुए शिवरात्रि के बाद भी पांच या 10 मार्च तक मेला अवधि बढ़ाए जाने की चर्चा रही। हालांकि, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने मेला अवधि बढ़ाए जाने से स्पष्ट तौर पर इंकार किया।

हालांकि, श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। इसके लिए संगम क्षेत्र यानि, सेक्टर दो, तीन और चार में सुविधाएं रहेंगी। सुरक्षा की भी व्यवस्था रहेगी। बारिश होने तक संगम तथा आसपास के घाट बने रहेंगे। पेयजल, शौचालय, चकरप्लेट, बिजली आदि सुविधाएं बहाल रखने के साथ इनके क्षेत्र में भी विस्तार किया जाएगा। बोट क्लब तथा किला घाट से संगम स्थल के नावें भी चलेंगी। यानि, नाव से संगम स्थल पर स्नान कर सकेंगे। महाकुंभ की तुलना में भीड़ भी काफी कम हो जाएगी। ऐसे में अपने वाहन से संगम घाट स्थित पार्किंग तक भी जा सकेंगे। हालांकि आकर्षण पंडाल, प्रदर्शनियां, हॉट एयर बैलून, हेलीकॉप्टर सेवा आदि आकर्षण नहीं रहेंगे।

अफसरों का कहना है कि काशी एवं अयोध्या की तरह प्रयागराज भी एक बड़े धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में ऊभर कर आया है। ऐसे में अब वर्ष पर्यंत संगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आने की उम्मीद है। काशी एवं अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों के टूर पैकेज में भी यह शामिल होगा।

### मेला अवधि के विस्तार में हैं अड़चनें

मेला अवधि के विस्तार में कई तरह की अड़चनें हैं। अफसरों तथा जानकारों का कहना है कि महाकुंभ या कुंभ का आयोजन की अवधि निश्चित है। यह पौष पूर्णिया या मकर संक्रांति में जो पहले पड़ जाए उससे शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलता है। ऐसे में इसका विस्तार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मेले की बसावट, सुविधाओं आदि के लिए सेना समेत अन्य संबंधित पक्षों से करार भी हुआ है। मेला अविध बढ़ाने के लिए सभी के साथ नए सिरे से वही प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। इसके अलावा आयोजन से पहले मेला प्रशासन ने राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) को लिखकर दिया गया है कि आयोजन की समाप्ति यानि, शिवरात्रि के बाद 15 दिनों के भीतर सभी तक के अस्थाई बसावट हटा लिए जाएंगे।

मेला अवधि में किसी तरह का विस्तार नहीं होने जा रहा। पंडाल, टेंट, जेटी आदि निर्धारित तारीख के बाद हटा लिए जाएंगे। संगम क्षेत्र में वर्ष पर्यंत सुविधाएं रहती हैं। वह सभी रहेंगी। इस बार महाकुंभ के बाद भी बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। ऐसे में जरूरत के अनुसार जरूरी सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा।

**विजय किरन आनंद, मेलाधिकारी**

## भाजपा नेतृत्व और सरकार की नीतियों पर जनता ने लगाई है मुहर : रिकेश सेन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** बालोद नगर पालिका चुनाव प्रभारी और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज की है। इस चुनावी नतीजे ने प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया है। जनता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उनकी सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है।

विधायक सेन ने कहा कि बीजेपी के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया, साथ ही संगठन ने कुशल रणनीति के तहत चुनाव के दौरान काम किया। बीजेपी की निर्णायक जीत उसी का परिणाम है। बीजेपी सरकार के कार्यों से लोगों का भरोसा बढ़ा है, हमारी सरकार अब और अधिक उत्साह के साथ जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। इन नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बीजेपी को स्थानीय स्तर पर भी पूरी तरह स्वीकार कर लिया है जबकि कांग्रेस की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है।


विधायक रिकेश सेन ने 10 वर्षों के बाद बालोद में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने तथा नगर पालिक निगम भिलाई के उप चुनाव में वार्ड-35 और वार्ड-24 से भाजपा प्रत्याशियों को एकतरफा जिताने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार जताया है। श्री सेन ने कहा कि नगर पालिका परिषद बालोद में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी ने भाजपा का परचम लहरा दिया है, वो एक से लेकर 20 वार्ड तक सभी वार्डों में अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में अव्वल रहीं। पार्षदों के मामले में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा और 10 वार्ड में भाजपा प्रत्याशी जीते हैं। उन्होंने नगर पालिका परिषद बालोद के विजयी कमलेश सोनी, प्रीतम यादव, दीपक जैन, राजू पटेल, सुनीता बिल्ला मनहर, आशा पटेल, गोकुल ठाकुर, गोमती बाई, गिरजेश गुप्ता, श्यामा यादव तथा भिलाई निगम उप चुनाव वार्ड-24 में प्रदीप सेन तथा स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

## सीएम साय के सुशासन पर लगी मुहर, सभी जगह लहराया भाजपा का परचम-रत्नावली कौशल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** नगरीय निकायों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल ने कहा है कि यह हमारे मुख्यमंत्री साय के सुशासन की जीत है, छत्तीसगढ़ के लोगों ने साय जी के सुशासन पर मुहर लगा दी है।

आज चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने प्रदेश के नगरीय निकायों में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारी भाजपा सरकार के



जनहितैषी कामकाज और लगनशील एवं कर्मठ मुख्यमंत्री विष्णु देव जी साय के सुशासन की जीत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने महज तेरह माह के कार्यकाल में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिखाया है, चुनावी संकल्प पत्र के मुताबिक किसानों से उनका पूरा धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया। इस वर्ष धान खरीदी के सारे रिकार्ड टूट गए, जबकि धान की खेती का रकबा यथावत है। रत्नावली कौशल ने कहा है कि धान के समर्थन मूल्य के तहत राशि का बिना देरी किए किसानों को भुगतान किया गया और धान की अंतर राशि कुछ दिनों पहले ही किसान भाइयों के खातों में अंतरित कर दी गई है। इससे किसान भाइयों के जीवन में खुशहाली आई है, यही तो सुशासन है। सुश्री कौशल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की माता बहनों को महतारी वंदन योजना की राशि हर माह समय पर उनके खातों में भेजी जा रही है। इससे माता बहनों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। वे छोटी छोटी बचत कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रही हैं और घर चलाने में बड़ा योगदान देने लगी हैं। माता बहनों और किसानों के साथ ही मजदूर भाइयों, तेंदूपत्ता संग्राहकों, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों के भी कल्याण के लिए हमारी भाजपा सरकार प्रण प्राण से काम कर रही है। रत्नावली कौशल ने कहा है कि एक ओर हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी जहां पूरी दुनिया में मां भारत भारती का मान बढ़ा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर हमारे दयावान एवं कर्मयोगी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कार्यों के दम पर पूरे देश में छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा रहे हैं। राज्य में सुशासन की लहर चल रही है और इस लहर से हमारे समाज का हर तबका तरंगित हो रहा है। इसी सुशासन का परिणाम है कि आज आए चुनाव परिणाम एकतरफा भाजपा के पक्ष में गए हैं। प्रदेश के दस नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का साफ संकेत दे रही है कि प्रदेश के लोगों को हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का सुशासन रास आ गया है। कांग्रेस के झूठे प्रलाप के बावजूद जनता ने भाजपा से अपना विश्वास बनाए रखा और कांग्रेस को सिरे से खारिज कर दिया है। रत्नावली कौशल ने कहा है कि विष्णु देव साय जी का जादू गांव गांव में चल रहा है और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भी भाजपा शानदार प्रदर्शन करेगी।

## राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड 5वीं बैठक सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि विगत दिनां नई दिल्ली राजधानी के वाणिज्य भवन में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की 5वीं महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने की। इस बैठक में 9 विभिन्न मंत्रालयों के जॉइंट सेक्रेटरी भी मौजूद थे। बैठक में करीब 20 राज्यों के बोर्ड सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में बजट 2025 के तहत व्यापारियों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा हुई।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकसित भारत संकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी ने समावेशी और लाभकारी बजट 2025-26 के लिए पीएम माननीय मोदी जी का आभार व्यक्त किया, जो एमएसएमई व्यापारियों का समर्थन करेगा और व्यापार करना आसान




बना देगा। बोर्ड ने बजट के सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। खुदरा व्यापारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए नौ मंत्रालयों के बोर्ड सदस्यों और अधिकारियों से सुझाव एकत्र किए गए।

श्री पारवानी ने बताया कि जल्द ही हर राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। जिससे भारत के प्रत्येक जिले तक व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इससे देश की आर्थिक प्रगति को और गति मिलेगी। श्री अमर पारवानी ने छत्तीसगढ के व्यापारियों के लिए अहम मांग उठाई। उन्होंने बताया कि टैक्स से बचा हुआ पैसा व्यापारियों के परिवारों के खर्च में आएगा, जिससे व्यापार और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना सब का साथ, सब का विकास सार्थक होगा।

श्री पारवानी ने छत्तीसगढ में व्यापारियों को राहत देने के लिए अनेक मांगें भी रखी, जिनमें ट्रेड लाइसेंस, लेबर लॉ और जीएसटी एवं जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की व्यवस्था, व्यापारियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का शीघ्र क्रियान्वयन आदि शामिल रहा। श्री पारवानी ने बताया कि दिल्ली में हुई यह बैठक व्यापारियों के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण रही। श्री पारवानी ने मांग की है, कि एमएमएई में उद्योगपतियों को जो लाभ मिलता है। वहीं लाभ सभी व्यापारियो को भी मिलना चाहिए। क्योकि इसमें सरकार और व्यापारी समुदाय के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लिए गए।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि 43 बी एच के मुद्दे पर भी विचार करने की मांग की ओर कहा कि 45 दिन में कोई व्यापारी पेमेन्ट नहीं दे पाता है और व्यापारियों को मॉल बेचने के लिए उधार में मॉल बेचना ही पड़ता है। जीएसटी मे 6 महीने का उधार है और जब तक व्यापारी शिकायत नहीं करता तब तक जीएसटी विभाग दखल अंदाजी नहीं करता ।43 बीएच में भी पेमेन्ट का लेन देन 6 महीने का होना चाहिए। सायकल पार्ट्स पर भी जीएसटी 5 प्रतिशत होना चाहिए।

## आठवीं के बच्चे होंगे शामिल 9वीं से 12वीं तक हर महीने छात्रवृत्ति, जिले से लगभग 1600 छात्र पंजीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा आज 16 फरवरी को संपन्न होगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, जिला नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला के द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रविण्य छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा की व्यापक तैयारी पूर्ण किया जा चुका है।

जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति योजना के तहत 16 फरवरी को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इसमें चयनित कक्षा आठवीं में अध्यनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार रूपये छात्रवृत्ति केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति योजना के तहत इस परीक्षा पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी। पूर्व वर्षों में यहां परीक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के द्वारा आयोजित की जाती रही है।

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है और यह योजना भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की योजना है। परीक्षा निर्बाध तथा सुचारू ढंग से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा सभी जिला के अंतर्गत तीन परीक्षा गरियाबंद, छुरा, फिंगेष्वर को केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें जिले से कुल 1 हजार 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्राध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसमें बिजली, पानी एवं परीक्षार्थी की सुविधाओं को विशेष ध्यान देने कहा गया है। परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले की सभी विद्यालयों में दक्ष शिक्षकों के द्वारा एक कालखंड राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए कोचिंग दिया जा चुका है। तथा बच्चों के मन में जो समस्या है, छोटे-छोटे बिंदुओं पर विस्तार से समझाया जा रहा है।

## विश्व पुस्तक मेले में डॉ. परदेशीराम वर्मा की रचनावली के प्रथम खंड का विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, भिलाई (दुर्ग) निवासी डॉ. परदेशीराम वर्मा की रचनावली का कहानी खंड एक का विमोचन हुआ। डॉ. परदेशीराम वर्मा की कहानी सदी की कालजयी कहानियाँ में कमलेश्वर द्वारा संपादित चार खंडों के ऐतिहासिक प्रकाशन में चुनी गई। साहित्य अकादमी के इस प्रकाशन में उनकी कहानी दिन प्रतिदिन चुनी गई। इसी नाम से उनका प्रथम कथा संग्रह भी वाणी प्रकाशन से प्रकाशित है। कहानियों के प्रथम खंड पर केन्द्रित डॉ. परदेशीराम वर्मा की रचनावली के खंड एक का विमोचन प्रसिद्ध साहित्यकार फारूख आफ्रीदी, संजीव कुमार, गिरीश पंकज, डॉ. सुधीर शर्मा ने किया। छत्तीसगढ़ राज्य का शीर्ष साहित्य सम्मान पं. सुंदरलाल शर्मा सम्मान प्राप्त चर्चित लेखक डॉ. परदेशीराम वर्मा का उपन्यास आवा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के एम.ए. के पाठ्यक्रम में सम्मिलित है। अब तक कहानी, उपन्यास, नाटक, निबंध, बाल काव्य संग्रह जीवनी की चालीस के ऊपर पुस्तकें तथा अगासदिया और आगमन त्रैमासिक के 102 अंक उनके संपादन में प्रकाशित है । डॉ. परदेशीराम वर्मा की कहानियाँ दसवीं, बी.ए. एवं एम.ए. के पाठ्यक्रमों में है। बंगला, मलयालम, तेलगू में उनकी कहानियाँ अनुदित है । छत्तीसगढ़ी उपन्यास आवा का अंग्रेजी में अनुवाद हो चुका है। उनकी कहानी पकड़ हिन्दी की प्रतिष्ठित पत्रिका साप्तिहिक हिन्दुस्तान में सर्वभाषा कहानी अंक में हिन्दी की प्रतिनिधि कहानी के रूप में प्रकाशित है। दूरदर्शन के लिए तीन सीरियल लिख चुके डॉ. परदेशीराम वर्मा भूतपूर्व सैनिक है।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573



CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan





ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai





ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430



दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067



Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329



## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में अबतक करीब 4 करोड़ का चुनावी शराब जब्त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के दौरान आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। यह अभियान 1 फरवरी से 12 फरवरी के बीच चलाया गया, जिसमें कई जिलों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब और वाहनों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई कबीरधाम, राजनांदगांव, दुर्ग, कोरबा, बेमेतरा, बलौदाबाजार और राजधानी रायपुर सहित कुल 7 जिलों में की गई। इस दौरान 3 करोड़ 83 लाख 47 हजार 950 रुपये मूल्य की देशी-विदेशी शराब और परिवहन में इस्तेमाल किए गए वाहन जब्त किए गए।

**आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चला अभियान:** यह विशेष अभियान आबकारी विभाग की सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता के निर्देश पर संचालित किया गया। 11 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद भी कार्रवाई लगातार जारी रही। 15 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पुनः शुरू होगी। इसी के मद्देनजर आबकारी विभाग अवैध शराब के खिलाफ धरपकड़ अभियान जारी रखे हुए है, ताकि चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

### शादी समारोह के दौरान युवक की संदिग्ध मौत

**कोरबा।** मानिकपुर चैकी क्षेत्र के हेलीपैड मुख्य मार्ग पर स्थित ब्राह्मण भवन में शनिवार शाम को चल रहे हल्दी रस्म के दौरान एक युवक की रहस्यमयी मौत की घटना ने सबको चैका दिया। शादी समारोह के दौरान, एक अज्ञात युवक नशे की हालत में कार्यक्रम में प्रवेश करता दिखाई दिया। समारोह की हलचल जारी रहने के बीच, अगली सुबह भवन की दीवार के पास युवक का शव पाया गया। जांच में मृतक की पहचान मुड़ापार निवासी अभिषेक श्रीवास (26) के रूप में हुई, जो टेंट हाउस में मजदूर के रूप में कार्य करता था।

### 180 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, यातायात, साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक विमल पाठक के मार्गदर्शन में थाना दीपका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम केराकछार में छापामार कार्यवाही की गई। छापा कार्यवाही के दौरान कथित आरोपियों से 180 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। शराब के साथ ही, शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन, गैस सिलेंडर जप्त किया गया। साथ ही लगभग 500 किलोग्राम महुआ लहान एवं भट्ठी को नष्ट किया गया। इस संबंध में थाना दीपका में उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले कथित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

# फैमिली कोर्ट का आदेश किया रद्दः बेवजह पति को छोड़ गई, केस भी दर्ज कराया, हाईकोर्ट ने कहा- यह क्रूरता

**बिलासपुर। शादी के सात महीने बाद पत्नी ससुराल छोड़कर मायके में रहने लगी। पति और उसके परिजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करा दिया। हालांकि कोर्ट ने सभी को इस मामले में बरी कर दिया था। इधर, पति ने इन सबके बावजूद दोबारा साथ रहने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया, लेकिन यहां पत्नी ने शर्त रखी कि वह अपने माता- पिता को छोड़कर उसके साथ रहेगा तो वह आने के लिए तैयार है, इसके बाद पति ने आवेदन वापस ले लिया।**



इसके बाद फैमिली कोर्ट में तलाक की मांग करते हुए याचिका लगाई, लेकिन कोर्ट ने इसे नामंजूर कर दिया। इस पर हाई कोर्ट में अपील की। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने तलाक मंजूर किया है। दो माह के भीतर पत्नी को गुजारा भत्ता के रूप में एकमुश्त 5 लाख रुपए देने के आदेश दिए गए हैं।

बालोद में रहने वाले शख्स की बालोद में ही रहने वाली महिला के साथ 27 अप्रैल 2007 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के 7 महीने बाद पत्नी बगैर किसी कारण के मायके में जाकर रहने लगी। पति और उसके परिजनों के खिलाफ थाने में आईपीसी की धारा 498ए के तहत केस दर्ज कराया। हालांकि सभी को कोर्ट ने इस मामले में बरी कर दिया था। इधर, पत्नी ने फैमिली कोर्ट में दाम्पत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए आवेदन दिया था। उसने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद पति और उसके परिवार ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। गर्भावस्था के दौरान भी उसे प्रताड़ित किया गया। 11 जून 2008 को बेटी के जन्म के बाद पति ने उसकी देखभाल नहीं की।

उसने कोर्ट में कहा कि वह पति के साथ रहना चाहती है। वहीं, पति ने पत्नी के आरोपों को खारिज किया। उसने कहा कि पत्नी खुद उसे छोड़कर मायके चली गई। उसने पति और उसके परिवार पर दहेज प्रताड़ना का केस किया, लेकिन ट्रायल कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया। पत्नी की अपील भी सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी। उसने घरेलू हिंसा का मामला भी लगाया, जिसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### पति माता-पिता को छोड़े तो साथ रहने तैयार

पति ने पत्नी के साथ रहने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था, लेकिन पत्नी ने यहां शर्त रखी कि वह अपने माता-पिता को छोड़ दे, तभी साथ रहेगी। इसके बाद पति ने आवेदन वापस ले लिया और तलाक की अर्जी दी। लेकिन फैमिली कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। पत्नी ने भरण-पोषण के लिए भी आवेदन दिया, जिसे कोर्ट ने नामंजूर कर दिया। इसके खिलाफ पति ने हाई कोर्ट में अपील की थी।

### पति ने कहा- घर जमाई बनने किया मजबूर

पति ने हाई कोर्ट में की गई अपील में बताया कि पत्नी 2008 से अलग रह रही है। उसने पुलिस में कई शिकायतें कीं। पति पर माता-पिता को छोड़ने का दबाव बनाया। उसे घर जमाई बनने के लिए मजबूर किया। उसके चरित्र पर भी शक किया। हाईकोर्ट ने पाया कि पत्नी ने कभी वैवाहिक जीवन बचाने की कोशिश नहीं की।

उसने बिना कारण पति का घर छोड़ दिया था। केस दर्ज कराया। यह क्रूरता है। इस आधार पर हाई कोर्ट ने 28 अप्रैल 2007 को हुए विवाह को शून्य घोषित किया है। साथ ही, पति को आदेश दिया कि वह पत्नी को दो महीने के भीतर 5 लाख रुपये गुजारा भत्ता दे।

# जिले में 24 फरवरी से 31 मई तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारीश्री अजीत वसंत नेछत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जारी हाई स्कूल/ हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा कार्यक्रम एवंशारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 01 मार्च से 28 मार्च2025 तक एवं अटल बिहारीबाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा जारी वार्षिक परीक्षा 2025 के विश्वविद्यालय परीक्षा आयोजित होने के दौरानजिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए है।कलेक्टर ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं तैयारी में व्यवधान को रोकने हेतुविद्यार्थियों के हित में छत्तीसगढ़ कोलाहलनियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 24 फरवरी 2025 से 31 मई 2025 तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।साथ ही विशेष परिस्थितयों एवं शासकीय कार्यो के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने कीअनुमति संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारीसर्वोच्च न्यायालय केआदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अधीन देंगे।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।




# प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** नगर के निहारिका क्षेत्र में चैपाटी को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन कर रहे अवैध रूप से संचालित ठेले-खोमचे वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए तीन ठेलों पर जेसीबी चला दी, जिससे वहा हंगामा मच गया।

कोरबा नगर निगम ने ओपन थिएटर ग्राउंड के पास गढ़कलेवा में एक व्यवस्थित चैपाटी तैयार की थी, जहां ठेले-खोमचे वालों को बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई थीं। इसके बावजूद कई व्यापारियों ने वहां जाने से इंकार कर दिया और खुले मैदान में ही ठेले लगाने लगे। इस पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए कि यदि चैपाटी का संचालन करना है तो निर्धारित स्थान पर ही किया जाए, अन्यथा अवैध रूप से संचालित ठेले हटा दिए जाएंगे। उक्त आदेश का पालन करते हुए नगर के अधिकांश ठेले व्यवस्थित चैपाटी में चले गए, लेकिन कुछ ठेलेवाले पुराने स्थान पर ही डटे रहे।



जानकारी के अनुसार जब इन नियमों का पालन नहीं हुआ, तो नगर निगम ने जेसीबी बुलाकर अवैध रूप से संचालित इन ठेलों और गुमटियों को हटा दिया। इस कार्यवाही से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप था कि नई जगह ग्राहक नहीं आ रहे, जिससे उनके व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। उन्होंने निगम की कार्यवाही को तानाशाही करार देते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी। नगर निगम का कहना है कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। अधिकारियों ने साफ कर दिया कि ओपन थिएटर ग्राउंड में अब कोई भी ठेला नहीं लगाने दिया जाएगा और यदि किसी ने दोबारा वहां ठेला लगाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बताया जा रहा हैं की इस विवाद के चलते व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनाव बना हुआ है। जहां व्यापारी अपने हक की लड़ाई लड़ने की बात कर रहे हैं, वहीं प्रशासन शहर को व्यवस्थित रखने के अपने फैसले पर अडिग है।

# ग्रामीण युवक की हत्या में शामिल 7 नक्सली गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा ।** अरनपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत अरनपुर गांव में एक युवक की हत्या करने वाले 7 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रात में घर में घुसकर इन्होंने पहले युवक को घर से घसीटकर बाहर निकाला था। फिर गला घोंटा और धारदार हथियार से काट डाला। वारदात के 11 दिन बाद पुलिस ने हत्या के 7 आरोपियों 1. नंदा सोड़ी , मिलिशिया सदस्य 2. जोगा मड़काम , मिलिशिया सदस्य 3. हांदा मरकाम, 4. नंदा सोरी , मिलिशिया सदस्य 5. नंदा मरकाम, मिलिशिया सदस्य 6. नंदा सोरी , मिलिशिया सदस्य 7. सुला हेमला , मिलिशिया सदस्य को पकड़ लिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक, 4 फरवरी की देर रात ककाड़ी के रहने वाले हड़मा हेमला के घर मलांगेर एरिया कमेटी के नक्सली पहुंच गए थे। उन्होंने पहले हड़मा को घर से बाहर निकाला, उस पर मुखबिरी का आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद नक्सलियों ने घर के बाहर ही लाश फेंक दी थी। जिसके बाद गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की जांच में मलांगेर एरिया कमेटी के नक्सलियों के शामिल होने की जानकारी के बाद जवानों को लगातार ऑपरेशन पर भेजा जा रहा था।

जवान लगातार इलाके की सर्चिंग कर रहे थे। जिसके बाद इस हत्या की वारदात में शामिल कुछ लोगों को उसी गांव के अलग-अलग ठिकाने से पकड़ा गया। जिनकी शिनाख्त नक्सल संगठन के सदस्यों के रूप में हूई। पूछताछ और जांच में पता चला कि ये ग्रामीण की हत्या में 7 आरोपी शामिल थे। एएसपी आरके. बर्मन ने बताया कि सभी 7 आरोपपियों की गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत जेल दाखिल कर दिया गया है।

# एक रात में हाथी ने तोड़े 9 मकान केले की फसल को पहुंचाया नुकसान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ वन परिक्षेत्र में हाथी ने एक बार फिर उत्पात मचाया है। बंगुरसिया समेत आसपास के 4 गांव में 9 कच्चे मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके अलावा हाथी ने घरों में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाया और केले की फसल को बर्बाद कर दिया।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की देर रात एक हाथी जंगल से निकलकर भगोरा गांव के बस्ती में पहुंचा। यहां खाने की तलाश करते हुए उसने नरेन्द्र यादव और प्रहलाद भोय के घर को ढहा दिया। इसके अलावा यहां ग्रामीणों के केला फसल को भी हाथी ने बर्बाद कर दिया। हाथी के आने की जानकारी ग्रामीणों को लगी, तो हो-हल्ला कर उसे गांव से खदेड़ा गया। तब यहां से निकलकर हाथी चकाबहाल गांव में पहुंच गया और यहां सुरेन्द्र चौहान, अनिरूद्ध खंडेत, संधर धनवार और सुरुज सिदार के भी कच्चे घर को ढहा दिया।

बंगुरसिया पूर्व की सर्किल प्रभारी प्रेमा तिर्की ने बताया कि जब चकाबहाल के ग्रामीणों ने हाथी को खदेड़ने का प्रयास किया, तो काफी देर बाद हाथी उस गांव से निकलकर बंगुरसिया बस्ती में पहुंच गया। बंगुरसिया में रहने वाले संतोष विश्वकर्मा के अलावा कमला सिदार के मकान को भी ढहा दिया। यहां रखे चावल को खाने के साथ-साथ कुछ सामानों को भी नुकसान पहुंचाया।

# मेकाहारा में कोरोनरी बाईपास सर्जरी शुरू, 72 वर्षीय मरीज का सफल ऑपरेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट सर्जरी विभाग में बहुप्रतिक्षित कोरोनरी बाइपास सर्जरी सुविधा की शुरुआत हो गई है। हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम ने 72 साल के मरीज की प्रथम क्रिटिकल कोरोनरी बाईपास सर्जरी (सीएबीजी) में सफलता दिलाई है। हार्ट सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में हुए इस सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति बेहतर है और वह डिस्चार्ज लेकर घर जाने को तैयार है।



ऑपरेशन करने वाले हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू बताते हैं कि दुर्ग जिले के रहने वाले इस 72 वर्षीय मरीज जो कि रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी है, को आज से डेढ़ महीने पहले छाती में तेज दर्द हुआ था जिसके कारण उनको स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मरीज की ईसीजी देखकर हार्ट अटैक का पता चल गया था। उसके बाद मरीज की एंजियोग्राफी की गई जिससे पता चला कि मरीज के हृदय की मुख्य नस (लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी) में 65 प्रतिशत ब्लॉकेज एवं साथ ही साथ अन्य तीनों नसों में 90 से 95 प्रतिशत ब्लॉकेज था। हार्ट की नसों में ब्लॉकेज इतना ज्यादा था कि वहाँ के डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी करने से मना कर दिया एवं वहां से कोरोनरी बाईपास सर्जरी के लिए बड़े संस्थान में रेफर कर दिया। इकोकार्डियोग्राफी करने से पता चला कि हार्ट बहुत ही ज्यादा कमजोर हो गया था। मात्र 35 से 40 प्रतिशत ही कार्य कर रहा था। इसको मेडिकल भाषा में लेफ्ट मेन (65 प्रतिशत) विद ट्रिपल कोरोनरी आर्टरी डिजीस विद सीवियर लेफ्ट वेंट्रिकुलर डिस्फंक्शन कहा जाता है। चूंकि इस मरीज के रिश्तेदार एवं स्वयं मरीज ने अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग की कई सफल सर्जरी के बारे में काफी सुना था इसलिए उन्होंने अन्य संस्थान न जाकर अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग को चुना।

मरीज एवं उसके रिश्तेदार एंजियोग्राफी की सीडी लेकर डॉ. कृष्णकांत साहू से मिले तो उन्होंने बताया कि कुछ दिनों बाद यहां पर बाईपास सर्जरी की सुविधा प्रारंभ होने की संभावना है जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन एवं विभाग के उच्च अधिकारी सतत सक्रिय हैं। आपकी बीमारी में बाईपास शीघ्र करना अत्यंत आवश्यक है। मरीज के रिश्तेदार अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में ही बाईपास कराना चाह रहे थे इसलिए उन्होंने लगभग डेढ़ महीने तक इंतजार भी किया।

यह ऑपरेशन सामान्य कोरोनरी बाईपास सर्जरी से ज्यादा क्रिटिकल इसलिए था क्योंकि मरीज के हार्ट की तीनों नसों के ब्लॉकेज के साथ-साथ मुख्य नस में भी ब्लॉकेज था एवं हार्ट मात्र 35 प्रतिशत ही कार्य कर रहा था एवं मरीज को क्रॉनिक किडनी डिजीज की बीमारी भी थी जिसमें मरीज का क्रिएटिनिन लेवल 1.5 एम.जी. था। कई बार ऐसे मरीजों को अचानक किडनी फेल हो जाने के चांस बढ़ जाते हैं और डायलिसिस की नौबत आ जाती है। इस मरीज में बाईपास में आर्टेरियल ग्राफ्ट (लेफ्ट इन्टरनल मेमेरी आर्टरी ) एवं सैफेनस वेन का प्रयोग किया गया क्योंकि आर्टेरियल ग्राफ्ट की लाइफ ज्यादा होती है।


**Urgent Requirements**

**Profile:** Senior Accountant.Job
**Types:** Full-time, Permanent,
**Experience:** 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
**Working Time:-** 10.00am To 7.00Pm
**Qualification:** Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).
**Cont. No. 6232 926 014**

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

## छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, सीएम साय बोले- सुशासन और विकास कार्यों पर जनता की मुहर

# छत्तीसगढ़ में अब चलेगी ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार : सीएम साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व, सुशासन और विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभूतपूर्व जनादेश के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और आशीर्वाद की विजय है।उन्होंने कहा कि जनता ने हमारे 13 महीनों के सुशासन को सराहा है। मोदी की गारंटी' की तरह ही 'अटल विश्वास पत्र' पर भी जनता ने विश्वास जताया है। हम इस भरोसे को कभी टूटने नहीं देंगे और जनता से किए गए हर वादे को पूरा करेंगे।




### जनता ने कांग्रेस की विफलताओं को किया खारिज, भाजपा के सुशासन को दिया समर्थन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने निकायों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था, मेयर और अध्यक्षों के चुनाव को प्रत्यक्ष प्रणाली से हटा दिया गया था। लेकिन भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की बहाली करते हुए चुनाव को पुन: प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया और इसका परिणाम है कि कांग्रेस के पिछले मेयर आज पार्षद बनने में भी असफल रहे हैं।

### 'मोदी गारंटी' की तरह 'अटल विश्वास पत्र' भी होगा 100 प्रतिशत लागू

मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्वस्त किया कि हमने जो भी वादे अटल विश्वास पत्र में किए हैं, वे 100 प्रतिशत पूरे किए जाएंगे। हमारी सरकार विकास, पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हमने जो कहा, उसे पूरा किया और आगे भी करेंगे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत

इस चुनाव में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता ने अपनी स्वीकृति दी है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक संबल, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीबों को सम्मानजनक आवास, किसानों के लिए रिकॉर्ड धान खरीदी और बोनस भुगतान, शराब घोटाले की जांच, सरकारी भर्तियों की पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर सख्ती और प्रशासन में पारदर्शिता पर जनता ने अपनी मुहर लगा दी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत को समर्पित यह जीत

मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी बधाई देते हुए कहा कि यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। प्रत्येक कार्यकर्ता ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में परिश्रम किया। यह जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पुन: स्थापना का प्रतीक है।

### निकायों में अब दिखेगा बदलाव, जनता की तरक्की होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि अब निकायों में भी बदलाव दिखेगा, विकास होगा, जनता की तरक्की हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। हम छत्तीसगढ़ के हर नगर, हर गांव को विकास के नए आयाम तक पहुंचाएंगे।

### आगे पंचायत चुनावों में भी ऐतिहासिक जीत की तैयारी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब आने वाले पंचायत चुनावों में भी जनता भाजपा को भारी समर्थन देगी, क्योंकि जनता ने भाजपा के विकास मॉडल को देखा और स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन सरकार बनेगी और विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह जीत प्रदेश की जनता की जीत है, यह जीत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन की जीत है और यह जीत भाजपा के सुशासन और ईमानदार राजनीति की जीत है।

### कांग्रेस का असली जनाधार उजागर - भूपेश बघेल के खुद के क्षेत्र में पार्टी को करारी हार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें महासचिव बनाकर सम्मान दिया, लेकिन उनके अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें 'धन्यवाद' कुछ अलग अंदाज में दिया ङ्क तीनों नगरीय निकायों में कांग्रेस को बुरी तरह हराकर! उन्होंने कहा कि कल कांग्रेस ने भूपेश बघेल को राष्ट्रीय महासचिव बनाया, लेकिन आज उनके खुद के विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया। तीनों ङ्क दो नगर पंचायत और एक नगर पालिका में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। यही जनता का असली जवाब है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिणाम कांग्रेस के खोखले दावों और झूठी राजनीति का सबूत है। जनता ने कांग्रेस की गलत नीतियों को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है। छत्तीसगढ़ की जनता अब समझ चुकी है कि कांग्रेस के पास सिर्फवादे हैं, काम नहीं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि 2018 में कांग्रेस ने 36 वादों का घोषणापत्र जारी किया था, लेकिन 5 साल में कुछ नहीं किया। यही कारण है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। अब कांग्रेस चाहे जो भी वादे करे, जनता उस पर भरोसा नहीं करने वाली। कांग्रेस की विश्वसनीयता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

### जो महापौर थे, उन्हें इस चुनाव में पार्षद पद के लायक भी जनता ने नहीं समझा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को लोकतंत्र की पुनर्स्थापना और जनता के अधिकारों की बहाली करार दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने जनता को फिर से उनका अधिकार सौंपा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 5 साल पहले नगरीय निकाय चुनावों में लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। उन्होंने मेयर और अध्यक्ष का चुनाव जनता से छीनकर इनडायरेक्ट प्रणाली में डाल दिया था, ताकि जनता के बजाय कांग्रेस नेताओं की मर्जी से अपने लोग सत्ता में आ सकें। यह लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफथा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में जनता का सिर्फशोषण हुआ, और जब भाजपा सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू की, तो जनता ने भी भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश देकर अपना विश्वास जताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को पुनर्स्थापित किया, जिससे जनता को सीधे अपने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के नेताओं को चुनने का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि हमने साहस दिखाया और जनता को प्रत्यक्ष मतदान का अधिकार दिया। अब मेयर और अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के वोट से नहीं, बल्कि जनता के वोट से हो रहा है। जनता को जब सही अधिकार मिला, तो उन्होंने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया और भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि जो कांग्रेस नेता पिछले चुनाव में इनडायरेक्ट चुनाव से मेयर बने थे, वे इस बार पार्षद का चुनाव भी नहीं जीत सके।पिछले चुनाव में जो नेता इनडायरेक्ट प्रणाली से मेयर बने थे, इस बार जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। वे अब पार्षद का चुनाव जीतने के लायक भी नहीं रहे। यह लोकतंत्र की असली जीत है।

### भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबद्धता और जीवर्धन भाई की ऐतिहासिक जीत

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाली पार्टी है। जीवर्धन भाई, जो वर्षों से पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे हैं और आज भी चाय बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, को पार्टी ने महापौर का टिकट दिया। यह सिर्फएक राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यकर्ता-केन्द्रित विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती का प्रमाण है। जीवर्धन भाई ने अपनी कड़ी मेहनत और जनता के विश्वास से 34, 365 मतों से ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। यह न केवल रायगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश में एक मिसाल है कि पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्ठा और ईमानदारी का उचित सम्मान भाजपा में ही संभव है। इस जीत से यह स्पष्ट होता है कि जनता अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेताओं पर भरोसा जता रही है। रायगढ़ में भाजपा की यह अभूतपूर्व सफलता पार्टी की जनसेवा और विकास की प्रतिबद्धता का परिणाम है।मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में यह परिणाम भाजपा के संगठनात्मक मजबूती, नेतृत्व की दूरदृष्टि और जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। यह जीत रायगढ़ के विकास की नई संभावनाओं को खोलने वाली होगी, जहां जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा में मेहनत और निष्ठा की कद्र की जाती है, जीवर्धन भाई इसका सशक्त उदाहरण हैं।

# राजिम कुंभ कल्प में वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल मधेश्वर पहाड़ की प्रदर्शनी लोगों को लुभा रही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** राजिम कल्प कुंभ 2025 की भव्यता देखने के लिए दूर-दराज से मेलार्थी नवीन मेला स्थल राजिम चौबेबांधा पहुंच रहे हैं। मेला स्थल के विस्तृत आकार को देखकर मेंलार्थी प्रसन्न नजर आ रहे हैं। क्योंकि वे अनावश्यक भीड़ से अलग स्वतंत्र रूप से बिना धक्के-मुक्के घूम पा रहे है। और खुद को सहज महसूस कर रहे है। नवीन मेला मैदान की भव्यता और रात्रि में सतरंगी झालरों से रौशनी लोगों को एकाएक आकर्षित कर रही है।

नये मेला स्थल पर मीना बाजार पहुंचने वाले मार्ग में जशपुर जिले के स्थित मधेश्वर पहाड़ की प्रदर्शनी देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। छत्तीसगढ में स्थित मधेश्वर पहाड़ को विश्व की सबसे बड़ी शिवलिंग प्रतिकृति के रूप मे मान्यता मिली है। यह जशपुर जिले में स्थित है। इस पहाड़ को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में स्थान मिला है। रिकार्ड बुक में लारजेस्ट नेचुरल फैक्सिमिली ऑफशिवलिंग के रूप में मधेश्वर पहाड़ को दर्जा दिया गया है। जशपुर के कुनकुरी ब्लॉक में मयाली गांव से 35 किलोमीटर दूर स्थित मधेश्वर पहाड़ शिवलिंग के आकार की अपनी अद्भुत प्राकृतिक संरचना के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान लोगो की धार्मिक आस्था का केन्द्र हैं। जहां स्थानीय ग्रामीण इसे विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग के रूप में पूजते है।






इस पहाड़ की प्रदर्शनी में बड़े स्क्रीन में बहते हुए जल प्रपात में मेलार्थी सेल्फी ले रहे है और बेहद खुश नजर आ रहे है। यहां निरूशुल्क फोटो खींचने की व्यवस्था है। फोटो खींच कर मेलार्थियो के मोबाईल में भेजा जा रहा है। प्रदर्शनी में एलईडी के माध्यम से ऐतिहासिक मूर्तियों की प्रदर्शनी भी की जा रही है। परिसर में छत्तीसगढ़ी आभूषण की जानकारी लोगों को चित्र के माध्यम से दी जा रही है। इन आभूषण के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्य यंत्रो का चित्र नाम सहित लगाया गया है। जिसमें गिरौदपुरी में स्थित जैतखाम, सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर राम लला का ननिहाल, चंद्रखुरी, हसदेव बाँगों डेम, तीरथगढ जलप्रपात, बौद्ध मंदिर मैनपाट, गणेश भगवान दंतेवाड़ा, जशपुर मे स्थित मधेश्वर पहाड़ की जानकारी लोगों को मिल रही है।

## श्री कुलेश्वर नाथ महादेव का किया अलौकिक श्रृंगार

**राजिम।** राजिम के त्रिवेणी संगम बीच स्थित श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में स्थित शिवलिंग का विभिन्न फूलों एवं पत्तियों से अद्भुत श्रृंगार किया गया। मंदिर के पंडितों ने बताया कि प्रत्येक दिन शिवलिंग को अलग-अलग सामग्रियों से सजाया जाता है। तीज-त्यौहार, मौसम के अनुसार भी विशेष रूप से श्रृंगार किया जाता है। राजिम कुंभ कल्प में प्रतिदिन दूर-दराज से भक्तगण पहुंच रहे। श्रद्धालु पहले भगवान श्री कुलेश्वर नाथ महादेव और श्री राजीव लोचन के दर्शन करते हैं। इसके बाद मेला का आनंद लेने नदी क्षेत्र और नवीन मेला मैदान पहुंच रहे हैं। कुलेश्वर महादेव के शिवलिंग को गुलाब, गेंदा, कनेर, फुड़हर, सेवंती आदि फूलों से सजाया गया। शिवलिंग के गोल घेरे मे लाल, पीले और सफेद फूल बीच में मोंगरे की माला को रखा गया।



### राजिम का है ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व

## राजिम तेलीन माता की अगाध भक्ति के कारण कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी बना राजिम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहे जाने वाले राजिम का अपना पुराना धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है, उतना ही राजिम का नाम भी महत्वपूर्ण है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरम्भ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर गिरा था। ब्रम्हा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना भी की थी। इसलिये इसका नाम कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी पड़ा। कालांतर में तैलीय समाज में भगवान राजीव लोचन की एक परम भक्तिन ने जन्म लिया। जिसका नाम राजिम था। इसी भक्तिन माता के नाम से कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी का नाम ''राजिम'' पड़ा। जो आज पूरे प्रदेश में ही नहीं अपितु यहां आयोजित होने वाले कल्प कुंभ के कारण पूरे देश-विदेश में अपनी ख्याति का परचम फहरा रहा है।

किवदंती है कि राजिम भक्तिन भगवान का स्मरण करते हुए रोज तेल बेचने के लिए बाजार जाया करती थी। एक दिन नदी के पास एक पत्थर से ठोकर खाकर गिरने से उसके सिर पर रखा हुआ पूरा तेल नीचे जमीन पर गिर गया और वह भयातुर होकर अपने बर्तन को पत्थर पर रखकर रोने लगी। कुछ देर के बाद वह उस खाली बर्तन को उठाने की कोशिश की, तो यह देखकर अचंभित हो गई कि तेल का खाली बर्तन तेल से भर गया। उसने इसे एक चमत्कार मानते हुए पत्थर को लाकर अपनी घानी पर रख दिया। जिससे उसका बर्तन कभी खाली नहीं रहा और व्यवसाय दिन ब दिन बढ़ने लगा।

कहा जाता है उसी वक्त यहां के राजा को भगवान विष्णु ने दर्शन देकर कहा कि मेरा विग्रह भक्तिन राजिम के पास उसकी घानी में रखा हुआ है। तुम उसे लेकर मेरी मंदिर में प्रतिष्ठा कर पूजा अर्चना करो।

राजा ने यह बात दरबारियों को बताते हुए भक्तिन राजिम से वह मूर्ति मांगने की याचना की। कहा जाता है कि लाख कोशिशों के बाद जब भक्तिन राजिम को राजा ने मूर्ति के बराबर धन देने की बात कही, तो उसकी बात को परिवार वालों ने मानकर मूर्ति देने का फैसला किया। जब मूर्ति को एक पलड़े पर रखकर दूसरे पलड़े पर धन रखना शुरू किया, तो पूरा राजकोष खाली हो जाने के बावजूद पलड़ा टस से मस नहीं हुआ। ये देखकर राजा चिंतित हो गए।



इसके बाद भगवान ने दोबारा दर्शन देकर राजा से कहा कि तुम एक तुलसी पत्ता पलड़े में डाल दो। दूसरे दिन राजा ने तुलसी पत्ते को धन वाले पलड़े में रखा, तो पलड़ा सम हो गया। इसी लिए आज भी भगवान राजीव लोचन को तुलसी पत्ता चढ़ाने का विधान है। कहा जाता है कि राजिम भक्तिन माता की भक्ति के कारण राजिम का नाम जग प्रसिद्ध हो गया। आज भी राजीव लोचन मंदिर के प्रांगण में भक्तिन राजिम माता का मंदिर बना हुआ है, जिसमें वह शिला भी रखी है, जिससे ठोकर खाकर भक्तिन माता राजिम गिरी थी।

राजिम माता के नाम से साहू (तेली) समाज द्वारा 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता की भव्य जयंती मनाकर उनके प्रति अपनी आस्था श्रद्धा की भावांजलि समर्पित करते हैं, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से तेली समाज सहित अन्य समाज के लोग भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950